रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-43 मूल्य 3.00 ₹

## पितरों के अच्छे कामों को आगे ले जाकर उन्हें दें सच्ची श्रद्धांजलिः सीएम साय



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव ने सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर जारी संदेश में कहा कि पितर पक्ष पूर्वजों के प्रति हमारे सम्मान, प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है। मान्यता है साल में 15 दिनों के लिए पितर पक्ष में दिवंगत पूर्वज अपने घर आते हैं। इस दौरान हम अपने पूर्वजों के मोक्ष और शांति के लिए श्राद्ध करते हैं और उनसे जीवन में खुशहाली के लिए आशीर्वाद की कामना करते हैं। साय ने कहा कि पितरों का सम्मान हमारी परम्परा, सभ्यता और संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। हमारे पूर्वज जो धरोहर छोड़ गए हैं, उसे सहेजने और संवारने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

# बुलडोजर-न्याय पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी

## फैसला आने तक तोड़फोड़ पर रोक

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने आपराधिक मामले में कई राज्यों की ओर से आरोपी की अचल संपत्ति ढहाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद पूरे देश के लिए एक दिशा-निर्देश निर्धारित करने पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि निर्णय आने तक बिना उसकी अनुमति ऐसे मामले में तोड़फोड़ पर रोक जारी रहेगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि हम किसी भी अवैध निर्माण को बचाना नहीं चाहते हैं। पीठ ने कहा, वह जो भी दिशा-निर्देश बनाएगी, वे किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं होंगे। वे सभी संस्थाओं और व्यक्तियों पर लागू होंगे। पीठ ने कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं और हमारे निर्देश सभी के लिए होंगे, चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय का हो। बेशक, अतिक्रमण के लिए हमने कहा है कि अगर यह सार्वजनिक सड़क या फुटपाथ या जल निकाय या रेलवे लाइन क्षेत्र पर है, तो हमने स्पष्ट किया है। हम किसी भी अवैध निर्माण को बचाना नहीं चाहते हैं, अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक संरचना है, चाहे वह गुरुद्वारा हो या दरगाह या मंदिर, यह सार्वजनिक मार्ग में बाधा नहीं डाल सकता है। शीर्ष अदालत 17 सितंबर के अपने आदेश को निर्णय आने तक बढ़ा दिया, जिसमें राज्यों द्वारा किसी आपराधिक मामले में आरोपी की संपत्ति को गिराने के लिए इस न्यायालय की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया था।

## जमैका के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने भारत की पहली यात्रा पर आए प्रधानमंत्री होल्नेस का स्वागत करते हुए कहा कि जमैका भारतीयों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है, खासकर क्रिकेट और संगीत के प्रति हमारा साझा प्रेम है। उन्होंने कहा कि जमैका में भारतीय प्रवासी भी हमारे संबंधों में एक बहुत महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता वयक्त की कि भारत-जमैका के संबंध लगातार बढ़ रहे हैं, जिसमें व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र भी शामिल हैं। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि संसदीय, शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर साझेदारी को गहरा करने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट के तीनों संस्करणों में जमैका की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के प्रबल समर्थक हैं और इसे हासिल करने के लिए एल-69 जैसे समूहों के हिस्से के रूप में मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री होल्नेस की यात्रा से हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में 40 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को मतदान बिना किसी हिंसा की घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चुनाव आयोग (ईसीआई) की विज्ञप्ति के अनुसार आज हुए तीसरे चरण के मतदान में शाम सात बजे तक 65.58 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने बहिष्कार और हिंसा को नकारते हुए मतदान प्रक्रिया में शांतिपूर्ण और उत्सवी माहौल में अपने मताधिकार का उपयोग किया। तीन चरणों में हुए कुल मतदान ने 2024 के लोकसभा चुनाव के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। क्षेत्र की सुंदर पृष्ठभूमि में मतदान केंद्रों पर धैर्यपूर्वक कतारों में प्रतीक्षा कर रहे मतदाताओं के दृश्यों ने लोकतंत्र में लोगों की दृढ़ आस्था को उजागर किया। तीन चरणों में हुए चुनावों में मतदान करने वाले सभी जिलों में उत्सव का माहौल और उत्साही भागीदारी स्पष्ट थी जो नागरिक भागीदारी की नई भावना और लोगों द्वारा अपना भविष्य खुद तय करने के साथ एक नए युग की आशा को रेखांकित करती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक पुनरुत्थान सुनिश्चित करने के अपने वादे को पूरा किया है। राजीव कुमार ने कहा, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों ने लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण गहराई को चिह्नित किया है जो इतिहास के पन्नों में गूंजेगा और आने वाले वर्षों में क्षेत्र की लोकतांत्रिक भावना को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने इन चुनावों को जम्मू-कश्मीर के लोगों को समर्पित किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनके दृढ़ संकल्प और विश्वास को स्वीकार किया।

## घटिया बीज का वितरण रोकने के लिए कानून कड़ा करने पर विचार करेगी सरकारः शिवराज

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के बीच घटिया बीज का वितरण रोकने के लिए सरकार संबंधित कानून को और कड़ा करने पर विचार करेगी। चौहान ने प्रत्येक मंगलवार किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम में राष्ट्रीय राजधानी में किसान संगठनों के सदस्यों से चर्चा की। चौहान ने किसान संगठनों के आये सभी अध्यक्षों, संयोजकों एवं किसानों का स्वागत किया। चर्चा के दौरान किसान संगठनों ने कृषि की लागत कम करना, लाभकारी मूल्य देना, फसलों को पानी के भराव से बचाना, कीटनाशक और अच्छे बीज की उपलब्धता तथा फसल को पशुओं से बचाने आदि के संबंध में चर्चा की तथा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। चौहान ने बताया कि किसान अनियंत्रित कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग से धरती के स्वास्थ्य के खराब होने को लेकर भी चिंतित हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी तक पहुंचाने पर किसानों ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई बार किसान योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। फसल बीमा योजना अच्छी योजना है लेकिन सभी किसानों का बीमा नहीं हो पाता है। किसान क्रेडिट कार्ड पर पैसा मिलने के संबंध में भी किसानों ने सुझाव दिये हैं। किसानों ने कई व्यवहारिक समस्यायें सामने रखी हैं जैसे ट्रांफार्मर के जलने पर उसे समय सीमा में बदला जाये ताकि फसल की सिंचाई प्रभावित नहीं हो। किसानों ने कारखानों से दूषित पानी निकलने और उससे फसलें या भूमिगत जल खराब होने की समस्या पर भी चर्चा की।

## 30 लाख रक्षा पेंशनभोगी स्पर्श पोर्टल से जोड़े गये : राजनाथ सिंह

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 30 लाख को स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन (रक्षा)) पोर्टल से सफ्लतापूर्वक जोड़ दिया गया है। सिंह ने यहां रक्षा लेखा विभाग के 277 वें वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद विभाग इस वेब-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन में सफल रहा है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर डीएडी के विभिन्न प्रकाशनों के साथ स्पर्श ऑडिट मैनुअल की शुरूआत की। उन्होंने संसाधनों के अधिकतम उपयोग, लेखांकन में दक्षता , पारदर्शिता और नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से देश के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के आधुनिकीकरण और मजबूती की दिशा में डीएडी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छोटी-छोटी बारीकियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभाग की सराहना की, जिससे रक्षा संबंधी नीतियों और प्रस्तावों में आवश्यक सुधार होते हैं।



# प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं शिक्षा मंत्री है तो फिर आश्रम छात्रावासों में पढ़ने वाले आदिवासी बच्चों की मौत क्यों हो रही है? : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पोटा केबिन स्कूल दुगईगुड़ा में अध्ययन करने वाले छात्र की मौत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम के नेतृत्व में सात सदस्यीय जांच दल गठित किया था, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम के अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, मनोज अवलम, जनपद अध्यक्ष अनीता तेलम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीनिवास बीराबोईना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्ना सोड़ी और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रेंगा नागेश आदि शामिल थे कांग्रेस पार्टी का यह जाँच दल 30/9/24 को घटना स्थल पोटकेबीन दुगईगुडा का निरीक्षण कर सभी से मिलकर वापस बीजापुर आयी है और जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता कर पोटा केबिन दुगईगुडा में अध्ययन कर रहे छात्र की असमय हुए मौत पर दुःख प्रकट करते हुए शासन प्रशासन से सवाल पूछा कि छात्र की मौत होने के बाद परिवारजनो को सूचना क्यों दी गई है छात्र के बीमारी के दौरान ही परिजनों को सूचना क्यों नहीं दी गई? अधीक्षक ने कहा की छात्र को कोई बीमारी नहीं थी? अस्पताल



प्रबंधन /क्करू0 कह रहे हैं कि छात्र से सिकलिन से पीड़ित था। बीआरसी ने कहा की अधीक्षक ने 27/09/2024 को छात्र के बीमार होने के संबंध में बताया। तो फिर इलाज में लापारवाही क्यो? इलाज के दौरान छात्र को अस्पाताल से वापस क्यो भेजा गया? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब भाजपा सरकार के शासन प्रशासन को देना चाहिए।

वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में लगातार आदिवासी छात्र किसी न किसी घटना का शिकार हो रहे हैं विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर जिले में पिछले दिनों हुए घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि फरवरी में चेरामंगी छात्रावास मे सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने फाँसी लगाई, मार्च में आवासीय कन्या पोटाकेचित स्कूल चिताकोटा में आग लगने से एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, मार्च माह में गंगालूर बालिका आवासीय पोटा केबिन विद्यालय में कक्षा बारहवीं की छात्रा गर्भवती होती है, जुलाई में तारलागुडा पोटाकेबिन मे एक बच्चे की मलेरिया से मौत हो जाती है और सगमपल्ली पोटाकेबिन में बच्चे की मलेरिया से मौत हो जाती है, इसके बाद अब पोटा केबिन दुगईगुड़ा में पढ़ाई कर रहे छात्र की इलाज के अभाव में मौत हो गई है। इस तरह आश्रम और छात्रावासों में पढ़ाई करने वाले बच्चों की लगातार एक के बाद एक की मौत होना चिंता का विषय है। भाजपा सरकार का शासन और प्रशासन छात्रों के भविष्य को लेकर लफ़्रवाही कर रहा है और छात्राओं को उनके हाल पर छोड़ दिया है और छात्रों की सूद लेने वाला कोई नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास ही शिक्षा विभाग है और प्रदेश में इस तरह की घटनाएं हो रही है इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। भाजपा सरकार में शिक्षा को लेकर कोई भी योजना नहीं है और न ही शिक्षा व्यवस्था पर सरकार ध्यान दे रही है इसलिए बीजापुर जिले में आए दिन आश्रम छात्रावास में पढ़ाई कर रहे बच्चों की मौत हो रही है इतनी घटनाएं होने के बावजूद भी किसी पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई यह भी सोचने वाली बात है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार पोटा केबिन में अधीक्षक बनाने रकम की वसूली कर रहे है ऐसे अनेक ऑडियो क्लिप सोशल मिडिया में सामने आए हैं। इससे पता चलता है कि सरकार और शासन प्रशासन सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है उन्हें छात्रों के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि छात्रावासों में अब तक हुए सभी घटनाओं की निष्पक्ष जांच किया जाय और जो भी दोषी पाया जाए उस पर कार्रवाई हो।

# सीएचसी बसना मे जन औषधि केंद्र का पुनः शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत देश में किफायती दामों पर दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना का मकसद, आम लोगों को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं और सर्जिकल सामान मुहैया कराना है। इस योजना के तहत, दवाओं की कीमतें ब्रैंडेड दवाओं से 50-90% कम होती हैं। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन के अच्छे विनिर्माण अभ्यास (डब्ल्यूएचओ-जीएमपी) प्रमाणित आपूर्तिकर्ताओं से ही खरीदा जाता है। दवाओं के हर बैच का परीक्षण राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में किया जाता है। पीएमबीजेपी के तहत, 1800 तरह की दवाएं, 285 तरह के सर्जिकल उपकरण और कई तरह के न्यूट्रास्यूटिकल उत्पाद भी मिलते हैं। पीएमबीजेपी के तहत, दवाओं की



बिक्री पर 20% तक का कमीशन मिलता है। इसके अलावा, हर महीने की बिक्री पर 15% का इंसेंटिव भी दिया जाता है।

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए, केंद्र सरकार की ओर से फर्नीचर और दूसरी चीज़ों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक की मदद मिलती है। पूरे राज्य मे सरकारी चिकित्सालयों मे जन औषधि केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है ताकि सरकारी गोदामों से सप्लाई में अगर कोई दवाई मरीज को नहीं मिल पाती तो सस्ते दरों पर जन औषधि से क्रय कर बहुत ही सस्ते दरों मे जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त कर बीमारियों से निजात पा सकते हैं। सरकारी अस्पताल बसना मे जन औषधि केंद्र का प्रारंभ विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के कर कमलों से प्रारंभ हुआ है।आज सरकारी अस्पताल बसना मे पुनः जन औषधि केंद्र का प्रारंभ विधायक के अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि शीत गुप्ता एवं कामेश बंजारा ने फीता काटकर व भगवान धनवंतरि कि पूजा कर किया। जन औषधि संचालक फार्मासिस्ट भूपेन्द्र साहू ने बताया जो दवाइयाँ सीजीएमएससी मे उपलब्ध नहीं उन्ही दवाइयों का क्रय किया जा चुका है और सस्ते दरों मे मरीजों के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम मे डॉ.नारायण साहू, बीपीएम डोलचंद नायक, डॉ.सुनील वैष्णव, खीरसागर नायक फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

# भाजपाई सरकार चलाने में असफल : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में लगातार पदयात्री बनकर यात्रा करने वाले प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बिगड़ती हुई क़ानून व्यवस्था के चलते भाजपाई नेता प्रदेश में सरकार चलाने में असफल साबित हो गये है सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री कुंभकर्णीय नींद में सोये हुये है हमारा प्रदेश शांति के टापू से हटकर अब इस भाजपा सरकार में अपराध का गढ़ बनता जा रहा है,पूरे प्रदेश में हाहाकर मचा हुवा है चारो तरफ अशांति ही अशांति है। जनता जनार्दन त्राहि-त्राहि कर रही है इस अशांत वातावरण के खिलाफ नगर और ग्रामीण क्षेत्र के नवजवान, पुरुष, महिलायें सड़क पर निकल कर अपना समर्थन दे रही है, कॉंग्रेस पार्टी की न्याय यात्रा में प्रतिदिन हजारो की तादाद में जनता जनार्दन शामिल होकर अपना सहयोग कॉंग्रेस पार्टी को दे रही है। जगह-जगह ग्रामीण जन स्वागत कर इस न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बना रहे है, न्याय यात्रा में प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, विधायक इंद्र साव, संदीप साहू, कविता प्राणलहरे, पूर्व मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस बाबा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, डॉ प्रेमसाय सिंह, रवींद्र चौबे, अमरजीत भगत, डॉ शिव डहरिया, सहित पूरे प्रदेश के सभी जिला के विधायक एवं कॉंग्रेस के प्रदेश/ जिला/ ब्लॉक के पदाधिकारीगण सहित हजारो कार्यकर्ता शामिल होकर यात्रा को सफल बना रहे है। सुशील शर्मा ने बताया 27 सितंबर को सोनाखान में शहीद वीर नारायण सिंह के स्मारक में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर पूज्य गिरोधपुरी धाम में बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना कर इस न्याय यात्रा की भव्य शुरुआत किया गया यात्रा का समापन 2 अक्टूबर गांधीदास जयंती के दिन रायपुर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगी, इस समापन सभा में भाग लेने बलौदाबाज़ार ज़िला के सभी ब्लॉकों से हजारो की संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता रायपुर सभा में सम्मलित होंगे।

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के अतिरिक्त प्रमुख रूप से यात्रा में शामिल प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, सतीश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, अशोक ध्रुव, जिला सचिव सचिन शर्मा, त्रिलोक सलूजा, आलोक मिश्रा, शरीफ ख़ान, कमल ठाकुर, बृजेश अग्रवाल, मुकेश हेंवर, सुरेंद्र यदु, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, गेंदू साहू, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, नंदू साहू, सत्यजीत शेण्डे, शदाब जालियावाला, अक़ीब मेमन, अल्ताफ ख़ान, राजेंद्र वर्मा, लुकेश यदु, हरीश लहरे, शशांक चौबे, अभिनय शर्मा, निर्मल साहू सहित सैकंडों नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुये।

# समय से पहले शिविर में पहुंच कर गरीब फरियादियों से रूबरू हुए कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देवभोग के सिनापाली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल समय से पहले कार्यक्रम स्थल पहुंचकर गरीब फरियादियों की समस्या से रूबरू होकर निराकरण करते हितग्राहियों को आइस बॉक्स मछली झाल सहित स्पेयर और स्वहेल हेल्थ कार्ड किसानो को कृषि विभाग की ओर से दिया गया इस बीच कलेक्टर दीपक अग्रवाल मंच पर मौजुद होकर फरियादियों की फरियाद को गंभीरता से लेते कई का निराकरण मौके पर ही किया इसके बाद स्टाल का निरीक्षण करते अधिकारियों को सख्त हिदायत दिया देते दिखे की आम लोगो की हर छोटी बड़ी समस्या के लिए लोगो के बीच प्रशासन पहुंच रहा है ऐसे उनके समस्या का निराकरण प्राथमिक होना है शिविर के दौरान 500 आवेदन प्राप्त हुआ जिनमें से 487 मांग और 13 शिक़ायत के आवेदन थे। जिनमें क़रीब 110 आवेदन को मौके पर ही निराकरण किया गया और बाकी बचे आवेदन का तय समय सीमा के भीतर निराकारण के आदेश है। शिविर में सबसे ज्यादा ग्रामीण विकास से 280, महिला बाल विकास से 90 और राजस्व विभाग से 45 आवेदन प्राप्त हुआ जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान पूर्व विधायक गोवर्धन माझी जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंगल जिला पंचायत



सदस्य धनमति यादव सरपंच बिंदू अग्रवाल भाजपा यूवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप चंद्रशेखर सोनवानी देवेंद्र ठाकुर कुंजबिहारी बेहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी सहित पीएमजीएसवाई आबकारी कृषि मत्स्य पंचायत विभाग स्वास्थ सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहें।

### जिला अधिकारियों की गैर मौजूदगी खलल

शासकीय योजनाओं के सफ्ल संचालन एवं मूल्यांकन के लिए आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जिला स्तरीय अधिकारी ही गैर मौजूद रहे। जबकि कलेक्टर मंच से जिला अधिकारी को पहुंचकर योजनाओं के बारे में बताने के लिए कहते रहे फिर भी अनुविभाग स्तर के अधिकारी कमान संभाले रहे खासकर वन विभाग इस विभाग डीएफ्ओ मौजुद नही रहे आबकारी विभाग से डीओ के जगह सर्कल निरीक्षक के अलावा पीएमजीएसवाई के ईई सहित अन्य विभाग जिला अधिकारी गैर मौजूद रहे। हालांकि एनएच सहित कई विभाग स्टाल भी गायब रहा जिसे लेकर ग्रामीणों हल्की मायूसी भी देखने को मिला क्योंकि अनुविभाग के अधिकारी के समक्ष अधिकांश दिन फरियाद रखते हैं। लेकिन ऐसे शिविरी में जिला अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी समस्या और निराकरण की उम्मीद होती है। लेकिन अक्सर अधिकारी अपनी गैर मौजुदगी दर्ज कराते ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर देते हैं शायद यही वजह है कि ऐसे जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में खलल नजर आता है।

### 500 रूपए की घूस के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नही

शिविर के दौरान मैनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत धोबनमाल के ग्राम भरुवामुडा का मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 500 रुपए की घुस देने के बाद भी नही मिलने की शिकायत का मामला सामने आया जिसे जिम्मेदार अधिकारी के कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा हो रहा है।

# सुहागा मंदिर में तिल्दाडीह वाले कांति बाई पांडेय ने दिए पांच लाख रुपए की दान राशि

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा रायपुर स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर प्रांगण में बन रहे धर्मशाला निर्माण कार्य हेतु ब्राह्मण पारा निवासी तिल्दाडीह वाले स्व चंद्रिका प्रसाद पांडेय की स्मृति में पत्नी कांति बाई पांडेय निवासी सुंदरनगर ने पांच लाख रुपए की दानराशि मंदिर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की हैं। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा इस उदारता पूर्वक दिए अनुकरणीय सहयोग राशि के लिए ट्रस्ट कमेटी कांति बाई पांडेय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन के लिए श्री राधा कृष्ण भगवान से प्रार्थना करती है।

## गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर बस्तर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ) और विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ), एफएल-3 (होटल-बार), एफएल-7 (सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भंडागार जगदलपुर को 02 अक्टूबर बुधवार को पूर्णतः बन्द रखे जाने आदेशित किया गया है और उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में नियत दिवस पर मदिरा का विक्रय नहीं होने पाए और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यहार हो सके, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों दिए गए हैं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर संस्कृति विभाग द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर राजधानी शहर रायपुर में टाउन हाल परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की मूर्ति एवं शास्त्री चैक के किनारे स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष उन्हें ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा आज बुधवार को प्रातः 9 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग अरुण साव, उप मुख्यमंत्री गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री जिला रायपुर, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मन्त्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक इन्द्र कुमार साहू, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर के अध्यक्ष प्रमोद दुबे, नगर पालिक निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, नगर पालिक निगम रायपुर के खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव के विशिष्ट आतिथ्य की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर किया स्मरण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए स्मरण किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने अथक प्रयासों के बल पर अंग्रेजों से भारत को आजाद कराया, यही नहीं इस महापुरुष ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित में लगा दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पास सत्य और अहिंसा दो हथियार थे, जिन्होंने इसे भयावह और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपनाया। शांति के मार्ग पर चलकर बड़े से बड़े आंदोलनों में आसानी से जीत हासिल की बल्कि बाकी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बने। उन्होंने



कहा, महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता और बापू जी के नामों से भी पुकारा जाता है, वे सादा जीवन उच्च विचार की सोच वाली शख्सियत थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सदाचार में गुजारा। वे अपने व्यक्तित्व का प्रभाव न सिर्फ भारत में ही बल्कि पूरी दुनिया में डाला। महात्मा गांधी कोई भी फॉर्मूला पहले खुद पर अपनाते थे और फिर अपनी गलतियों से सीख लेने की कोशिश करते थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमेशा कहते थे, बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो। वे आदर्शों पर चलने वाले व्यक्ति थे और उनके जीवन के इन्हीं आदर्शों ने उन्हें राष्ट्रपिता की संज्ञा दिलवाई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, आज ही के दिन लालबहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिन है, लाल बहादुर शास्त्री को न सिर्फ एक सच्चे देशभक्त और महान स्वतंत्रता सेनानी के रुप में जाना जाता है, बल्कि उनकी छवि एक दूरदर्शी, ईमानदार और निष्ठावान राजनेता के रुप में है। जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान देश को कई संकटों से उबारा एवं देश की उन्नति एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। शास्त्री जी ने दुग्ध उत्पादन की बढ़ोतरी के लिए श्वेत क्रांति को भी बढ़ावा दिया था।

# शिक्षक समाज के शिल्पकार होते है : भगवान भाई

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिक्षको के लिए सेमीनार

शिक्षक समाज के शिल्पकार होते है आदर्श शिक्षक आदर्श समाज का निर्माण कर सकता है। शिक्षकों के हाव भाव उठना, बोलना, चलना, व्यवहार करना इन बातो का असर भी बच्चों के जीवन में पडता है। अब समाज को शिक्षित करने व शिक्षा देने के स्वरूप को बदलने की आवश्यकता है। स्वयं के आचारण से शिक्षा देने की आवश्यकता है। आचरण की शिक्षा जबान में भी तेज होती है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे गुरुकुल में शिक्षको को आदर्श शिक्षक और शिक्षको की समाज परिवर्तन की भूमिका विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि शिक्षा देने के बाद भी अगर बच्चे बिगड रहे हैं। उसका मतलब मूर्तिकार में भी कुछ कमी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के



अंदर के जो संस्कार है उनका विद्यार्थी अनुकरण करते हे। शिक्षकें को केवल पाठ पढाने वाला शिक्षक नही बनना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक होने के नाते हमारे अंदर सदगुणों का आचरण होना आवश्यक है। शिक्षा मे भौतिक सुधार तो है लेकिन नैतिकता का ह्रास होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपने जीवन की धारणाओं के आधार से नैतिक पाठ भी आवश्यक पढाये। भगवान भाई ने कहा कि बिगड़ती परिस्थिति को देखते हुए समाज को सुधारने की बहुत आवश्यकता हैं। शिक्षक वही है जो अपने जीवन की धारणाओं से दूसरों को शिक्षा देता है। स्वयं की धारणाओं से वाणी, कर्म, व्यवहार और व्यक्तित्व में निखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि एक दीपक से पूरा कमरा प्रकाशमान होता है तो क्या पूरे जिले को मूल्य निष्ठ शिक्षा से प्रकाशित हम सब मिलकर नहीं कर सकते हैं? अब आवश्यकता है सेवाभाव की। रामरतन मूंदड़ा ने कहा कि परिवर्तन करने की जिम्मेवारी शिक्षकों की है, शिक्षकों को स्वयं को आचरण पर ध्यान देने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ तनाव मुक्त रहने की भी आवश्यकता है। प्रिंसिपल बाबु मेथयु ने ब्रह्माकुमारी द्वारा चलाये जा रहे इस नैतिक शिक्षा के अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा नैतिक शिक्षा कि कमी समाज कि सभी समस्याओं का मूल कारण है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र प्रभारी बी के मंजू बहन ने बी के भगवान भाई का परिचय देते हुए कहा की बी के भगवान भाई जी ने 2010 तक भारत और नेपाल के 5000 से अधिक स्कुलो और 800 से अधिक जेलों (कारागृह) में नैतिक शिक्षा और सकारात्मक चिन्तन, अपराध मुक्त का पाठ पढ़ाया है जिस कारण उनका नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकाड्र्स दर्ज हो चुका है। यह सेवा उनकी अभी भी जारी है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी सस्था का विस्तार से परिचय दिया और कहा यह संस्था विभिन्न वर्गो को आध्यात्मक ज्ञान द्वारा सशक्त बनाने कि सेवा कर रही है। कार्यक्रम में पुर्वशी ठाकुर, बी के सिद्धार्थ भाई और सभी शिक्षक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम कि शुरुवात स्वागत से किया गया। कार्यक्रम के अंत में बी के भगवान भाई सभी को मेडिटेशन सिखाया और मेडिटेशन का चरित्रवान बनने में महत्व भी बताया गया।

# स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अमूल्य : सांसद महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सांसद महेश कश्यप ने जगदलपुर शहर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू, पार्षदगण, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी और गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नगर निगम के स्वच्छता दीदियां भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान क्रीड़ा परिसर एवं कन्या पॉलिटेक्नीक परिसर की साफ-सफाई किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला के जरिए बस्तर एवं गांधी जी के चश्मे की प्रतिकृति बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर सांसद कश्यप ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता एवं साफ-सफाई को मानव जीवन का जरूरी हिस्सा मानकर इसे पूरे देशवासियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। पूज्य बापूजी की यह प्रेरणास्पद पहल हमारे जीवन के लिए अमूल्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बापूजी की इस पहल को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं और शहरों एवं गांवों तक स्वच्छता की अलख जगा रहे हैं। आईये हम सभी अपने शहर, गांव और प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाएं। वहीं अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित करें। इस मौके पर महापौर सफीरा साहू ने भी उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में सजग रहकर सहभागी बनने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता एवं साफ-सफाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024


# धान खरीदी शुरू होने से पहले समितियों से बारदाना गायब

## 59 समितियों के खिलाफ जांच के आदेश, मार्कफेड ने कमीशन के ढाई करोड़ काटे

### अकेले राजनांदगांव जिले में तकरीबन 9 लाख 50 हजार बारदाना गायब अन्य जिलों में भी पायनियर की टीम करेगी पड़ताल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अगले माह से राज्य में धान खरीदी शुरू होने जा रही है। लेकिन उसे पहले ही समितियों से बारदाने गायब होने की खबरे उजागर हो रही है। अकेले राजनांदगांव जिले में तकरीबन 9 लाख 50 हजार बारदाने गायब होने की खबर सामने आई है। राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर किसानों से जुड़े इस विषय को लेकर प्रत्येक जिले में पड़ताल करना शुरू कर दिया है। दरअसल में प्राथमिक रूप से राजनांदगांव जिले के सहकारी समितियों में करीब ढाई करोड़ रुपए के बारदाना घोटाले का बड़ा मामला सामने आया है। कुल 59 समितियों से लाखों बारदाने गायब हैं। बारदाना वापस न मिलने की सूरत में मार्कफेड से समिति को मिलने वाले कमीशन में कटौती की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 9 लाख 34 हजार 721 बारदाने गायब हैं। सबसे ज्यादा छुरिया ब्लॉक की समितियों से 91 लाख 11 हजार 503 की वसूली की गई है। इसी तरह राजनांदगांव तहसील से 65 लाख 33 हजार 996, डोंगरगांव विकासखंड से 47 लाख 23 हजार 120 और डोंगरगढ़ ब्लॉक की समितियों से 44 लाख 24 हजार 638 रुपए वसूले गए हैं। यह बारदाने वर्ष 2023-24 की धान खरीदी के लिए मार्कफेड द्वारा उपलब्ध करवाए गए थे। मार्कफेड की रिपोर्ट पर सहकारिता उपायुक्त ने सभी समितियों की जांच के आदेश दिए हैं। जांच अधिकारियों को एक माह के भीतर रिपोर्ट देने कहा गया है। आदेश में उल्लेख है कि इससे समितियों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है जिससे अप्रत्यक्ष रुप से समिति के अंशधारी कृषकों के हितों को चोट पहुंची है। इस गड़बड़ी में समिति प्रबंधकों पर रिकवरी और कार्रवाई की तलवार लटक गई है। मार्कफेड अधिकारियों के मुताबिक समितियों को इस शॉर्टेज की जानकारी पहले से थी। लिस्टिंग के दौरान जिन समितियों के आंकड़े में हेरफेर सामने आई है उसकी रिपोर्ट सहकारिता कार्यालय को भेजी गई थी। इसके साथ ही जिन समितियों से जितनी कीमत का बारदाना गायब है उतनी राशि कमीशन से काट ली गई है। मार्कफेड ने शॉर्टेज और कमीशन में कटौती की रिपोर्ट भेजी तो इसके आधार पर ही जांच के आदेश दिए गए हैं। उपायुक्त शिल्पा अग्रवाल ने आदेश जारी करते हुए छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम की धारा 58 (ख) के अंतर्गत जांच रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं। ये आदेश 26 सितंबर को एकमुश्त जारी किए गए हैं। इस खबर के बाद आशंका यह भी जताई जा रही है कि ऐसे ही मामले अन्य जिलो में भी उजागर हो सकते है। जिसको लेकर राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर की टीम पड़ताल करना शुरू कर दी है।

पायनियर एक्सक्लूसिव



फाईल फोटो

### राजनांदगांव में 65 लाख का कमीशन काटा

राजनांदगांव विकासखंड की 13 समितियों के खिलाफ जांच के आदेश जारी किए गए है। इनमें से पटेवा में 13 लाख 98 हजार 559, भैंसातरा 13 लाख 71 हजार 883, बम्हनी चारभांठा 10 लाख 45 हजार 489, उपरवाह 6 लाख 26 हजार 434, मुरमुंदा 5 लाख 99 हजार 346, बघेरा 3 लाख 14 हजार 405, सिंघोला 3 लाख 159, पदुमतरा 2 लाख 69 हजार 958, सोमनी 2 लाख 21 हजार 313, गठुला 01 लाख 34 हजार 436, चारभाठा 95 हजार 699, रानीतराई 92 हजार 733, रामपुर 63 हजार 582 रुपए का कमीशन मार्कफेड ने काटा है।

### डोंगरगढ़ 44 लाख की गड़बड़ी

डोंगरगढ़ विकासखंड में भी इस तरह के मामले सामने आए हैं। यहां अछोली में 6 लाख 98 हजार 528, कोलिहापुरी 6 लाख 51 हजार 940, ढारा 4 लाख 92 हजार 301, मुसराकला 4 लाख 78 हजार 300, मोहारा 4 लाख 44 हजार 957, रामाटोला 4 लाख 40 हजार 357, लाल बहादुर नगर 2 लाख 73 हजार 205, सीतागोटा 2 लाख 39 हजार 312, छीपा 1 लाख 85 हजार 825, बेलगांव 1 लाख 45 हजार 850, खुर्सीपार 01 लाख 41 हजार 450, बागरेकसा 01 लाख 25 हजार 452, मेढ़ा 55 हजार 375, मेढ़ा 51 हजार 786 का कमीशन मार्कफेड ने काट लिया है।

### छुरिया में 91 लाख के बारदाने नहीं मिले

बारदानों की गड़बड़ी का सबसे बड़ा मामला छुरिया का है। यहां बारदानों की क्षतिपूर्ति के लिए 91 लाख रुपए से ज्यादा का कमीशन काट लिया गया है। यहां की सड़क चिरचारी (खोभा) में 9 लाख 84 हजार 148, घुमका 8 लाख 23 हजार 850, चारभाठा (कु) 8 लाख 11 हजार 575, बादराटोला 7 लाख 37 हजार 268, छुरिया 6 लाख 88 हजार 795, कुमर्दा 5 लाख 95 हजार 914, गहिराभेड़ी 5 लाख 70 हजार 639, कुहीकला 5 लाख 35 हजार 814, कल्लूबंजारी 4 लाख 6 हजार 998, खुर्सीटिकुल 3 लाख 87 हजार 293, पांगरीखुर्द 3 लाख 85 हजार 157, लालूटोला 3 लाख 06 हजार 372, झितराटोला 2 लाख 68 हजार 472, शिकारीमहका 2 लाख 56 हजार 550, महाराजपुर 2 लाख 50 हजार 574, साल्हेटोला 2 लाख 48 हजार 997, गिदर्री 2 लाख 23 हजार 575, भर्रेगांव 2 लाख 1 हजार 568, रतनभाट 01 लाख 43 हजार 350, गैंदाटोला 01 लाख 17 हजार 371, भोलापुर 01 लाख 06 हजार 777, उमरवाह 48 हजार 450 रुपए की गड़बड़ी सामने आई है।

### राज्य में धान खरीदी के दौरान बारदाने के किल्लत की खबरें आती रही है सामने

एक ओर राज्य शासन 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु करने की तैयारी में है, तो दूसरी ओर खरीदी से पहले लाखों नग बारदाना समितियों से गायब है। यह सिर्फ एक जिले का आंकड़ा है, अन्य जिलो में इसी तरह की गड़बडियों की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि हर साल धान खरीदी में बारदाना की कमी से किसानों को जूझना पड़ता है। इसके चलते कई बार समितियों में धान खरीदी ठप हो जाती है। ऐसी स्थिति के बीच लाखों बारदाना का गायब होना चिंता का विषय है। बारदानों की कीमत अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से तय की जाती हैं। यह सभी मिलाकर जिले में करीब 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार 257 रुपए का घोटाला उजागर हुआ है, जिसमें 9 लाख 34 हजार 721 बारदाना गायब हैं। इस बार भी सरकार बंगाल के जूट कॉर्पोरेशन से बारदाना खरीदी की तैयारी में है।

### डोंगरगांव के इन समितियों में जांच करोड़ो रूपए की गई वसूली

डोंगरगांव विकासखंड में सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव में 16 लाख 34 हजार 342, अर्जुनी 10 लाख 37 हजार 637, कोहका 4 लाख 96 हजार 577, कोकपुर 4 लाख 58 हजार 581, दीवानभेड़ी 3 लाख 58 हजार 637, जोशीलमती 3 लाख 25 हजार 026, खुज्जी 01 लाख 51 हजार 675, खुर्सीपार 01 लाख 51 हजार 134, मटिया 61 हजार 424, तुमड़ीबोड़ 48 हजार 87 की वसूली की गई है।

59 समितियों-उपार्जन केंद्रों में बारदाना की संख्या कम मिली है। मार्कफेड ने इस एवज में कमीशन में कटौती की है। इन समितियों में बारदाना की स्थिति को लेकर जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।

**शिल्पा अग्रवाल**
**उपायुक्त, सहकारिता**

## क्विक न्यूज़

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : जनरल द्विवेदी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने चाणक्य रक्षा संवाद-2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की।



### आईपीएस पवन देव डीजीपी प्रमोट

**रायपुर।** आईपीएस अधिकारी पवन देव को पदोन्नति देते हुए पुलिस महानिदेशक का रैंक प्रदान कर दिया गया है। गृह मंत्रालय से इस संबंध में आदेश संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। यह पदोन्नति देते हुए उनका वेतनमान बढ़ाया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में चल रही जांच के चलते पवन देव की पदोन्नति रोकी गई थी और उनकी जांच से संबंधित लिफाफा बिना खोले ही रख दिया गया था। इस बीच तमाम विभागीय औपचारिकताएं पूरी की गई और उन्हें बैक डेट यानि पदोन्नति दिनांक से ही प्रमोशन दे दिया गया।



### केंद्र ने 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए 5,858 करोड़ रुपए जारी किए

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़, असम को 716 करोड़, बिहार को 655.60 करोड़, गुजरात को 600 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 189.20 करोड़, केरल को 145.60 करोड़, मणिपुर को 50 करोड़, मिजोरम को 21.60 करोड़, नागालैंड को 19.20 करोड़, सिक्किम को 23.60 करोड़, तेलंगाना को 416.80 करोड़, त्रिपुरा को 25 करोड़ और पश्चिम बंगाल को 468 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव के निर्देश पर दिल्ली में यूपीएससी तैयारी के लिए 135 सीटों की वृद्धि को वित्त विभाग से मंजूरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। युवा उत्थान योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को दिल्ली में रहकर निःशुल्क यूपीएससी कोचिंग की सुविधा दी जाती है। युवाओं के रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाती है। पूर्व में ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 50 नए और 15 रिपीटर बैच को यह सुविधा मिल रही थी। अब इस योजना में 135 सीटों की वृद्धि के बाद कुल 200 युवाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी। ट्रायबल यूथ हॉस्टल के अलावा अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कोचिंग संस्थाओं के निकट आवासीय व्यवस्था भी कर सकेंगे।

कोचिंग शुल्क के तहत अंग्रेजी माध्यम के लिए 2 लाख रुपये और हिन्दी माध्यम के लिए 1.5 लाख रुपये निर्धारित है। इसके साथ ही, आवास, मेस और अन्य सुविधाओं के लिए प्रति विद्यार्थी प्रति माह 12 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। वर्तमान में ट्रायबल यूथ हॉस्टल में अधिकतम 65 अभ्यर्थियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध थी। अब इस पहल के साथ छत्तीसगढ़ के युवा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में अधिक समर्थ बन सकेंगे।

### सोनम वांगचुक को हिरासत में लेना अलोकतांत्रिक : राहुल गांधी

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख के पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा कि ऐसी कार्रवाई अलोकतांत्रिक और अस्वीकार्य है। गांधी ने वांगचुक की हिरासत को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि मोदी का यह 'चक्रव्यूह और अहंकार' भी टूटेगा। उन्होंने कहा पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे वांगचुक जी और सैकड़ों लद्दाखियों को हिरासत में लेना अस्वीकार्य है।

### सीतारमण ने ईटानगर में 14.41 करोड़ रुपये ऋण का वितरण किया



एजेंसी ➤ ईटानगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ईटानगर में एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अरुणाचल प्रदेश और असम दोनों राज्यों के लाभार्थियों के बीच 14.41 करोड़ रुपये ऋण का वितरण किया। सीतारमण ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन और अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में अरुणाचल प्रदेश और असम दोनों राज्यों के लाभार्थियों के बीच 14.41 करोड़ रुपये ऋण का वितरण किया। क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की एक पहल है जिसके अंतर्गत बैंकों को पात्र लोगों को ऋण प्रदान करने के लिए देश के सभी जिलों तक पहुंचने के लिए कहा जाता है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर, पीएमईजीपी जैसी विभिन्न केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत 160 लाभार्थियों को बैंकों से मंजूरी पत्र सौंपा।

## छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अब ओड़िशा में भी होगी धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िशा में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। ओड़िशा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा के नेतृत्व में आए अध्ययन दल ने आज छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम का अवलोकन किया और इसकी तारीफकी। पात्रा ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िसा में भी किसानों से समर्थन मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के साथ धान की खरीदी की जाएगी। ओड़िसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने पहले कैबिनेट की बैठक में ही इस संबंध में निर्णय लिया गया है। ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि सरल और सहज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री साय की प्रशंसा करते हुए पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति में खरा साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि ओड़िशा में भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने साय सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अमल में लाई जाएगी। ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओड़िसा दोनों पड़ोसी राज्य है। डबल इंजन के सरकार के साथ दोनों राज्य तेज गति से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर मंत्रियों द्वारा हमें हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया गया है। ओड़िसा में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम में जहां-जहां कमी पाई जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सिस्टम का अनुकरण कर योजनाओं का और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा। पात्रा ने कहा कि ओड़िशा में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धान खरीदी व्यवस्था लागू करने के लिए ओड़िशा का अध्ययन दल यहां आया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर पावर पॉइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से एक-एक तथ्यों का बारीकी से अध्ययन किया। अध्ययन दल द्वारा कृषि उपज मंडी, अनाज गोदाम और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जीरो पॉइंट पर जाकर सिस्टम का गहन रूप से अध्ययन किया गया।

### पीएम ने कहा- कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को नयी ऊर्जा मिलेगी

## रक्षा-सुरक्षा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग बढ़ाएंगे भारत जमैका

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कैरेबियाई देश जमैका ने भारत को 'ज्ञान की राजधानी' बताते हुए अपने देश के लोगों के कौशल विकास, क्षमता निर्माण, डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों के साथ साथ रक्षा एवं सुरक्षा में भारत से प्रौद्योगिकी आधारित समाधान हासिल करने का इरादा जाहिर किया है तथा इसके लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के वास्ते वित्तीय समावेशन के लिए डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रूपे भुगतान प्रणाली, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा खेलों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। मोदी ने बैठक के बाद अपने मीडिया वक्तव्य में होलनेस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि आज पहली बार जमैका के प्रधानमंत्री भारत की द्विपक्षीय यात्रा पर आए हैं। इसलिए हम इस यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री होलनेस लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं। मुझे कई बार उनसे मिलने का अवसर मिला है। और हर बार मैंने उनके विचारों में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को महसूस किया है। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को नयी ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और जमैका के संबंध हमारे साझा इतिहास, साझा लोकतान्त्रिक मूल्यों और मजबूत जन आधारित संबंधों पर आधारित हैं। हमारे संबंधों को कल्चर (संस्कृति), क्रिकेट, कामनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) और कैरीकॉम अंकित करते हैं। आज की बैठक में हमने सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग सुदृढ़ करने पर विचार किया और कई नयी पहलों की पहचान की। भारत और जमैका के बीच व्यापार और निवेश में वृद्धि हो रही है। जमैका की विकास यात्रा में भारत सदैव एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास साझीदार रहा है। इस दिशा में हमारे सभी प्रयास जमैका के लोगों की आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। आई-टेक तथा आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से हमने जमैका के लोगों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों में हम अपना अनुभव जमैका के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। रक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा जमैका की सेना की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण पर हम आगे बढ़ेंगे। संगठित अपराध, तस्करी एवं आतंकवाद हमारी साझा चुनौतियाँ हैं। हम मिलकर इन चुनौतियों का सामना करने पर सहमत हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी हमें अपना सफल अनुभव जमैका के साथ साझा करने में खुशी होगी। मोदी ने कहा, आज की बैठक में हमने कई वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी तनावों और विवादों का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। हम मिलकर वैश्विक शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे। भारत और जमैका एकमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। इन्हें समकालीन रूप देने के लिए हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत और जमैका के बीच भले ही विशाल महासागरों की दूरी हो, किन्तु हमारे मन, हमारी संस्कृति और हमारा इतिहास एक दूसरे से जुड़े हैं। लगभग 180 वर्ष पहले भारत से जो लोग जमैका गए थे, उन्होंने हमारे लोगों के बीच संबंधों की मजबूत नींव रखी थी। आज जमैका को अपना घर मानने वाले लगभग सत्तर हज़ार भारतीय मूल के लोग हमारी साझा विरासत का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उनकी देखरेख के लिए वह प्रधानमंत्री होलनेस और उनकी सरकार के आभारी हैं।

## गांधी मैदान में होगी विशाल आम सभा, न्याय यात्रा के समापन में सचिन पायलट समेत तमाम दिग्गज नेता होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा राजधानी के नगर निगम सीमा में प्रवेश कर गयी। 2 अक्टूबर को गांधी मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन किया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट शास्त्री चौक से यात्रा में शामिल होंगे तथा वे गांधी चौक आमसभा में भी शामिल होंगे। प्रभारी सचिवगण एस.ए. सम्पत कुमार एवं विजय जांगिड़ एवं जरिता लेफतलांग भी आमसभा में शामिल होंगे। न्याय यात्रा पांच दिन में 122 किमी की यात्रा पूरी कर चुकी है। पांचवे दिन की यात्रा में लोहारीडीह के मृतक प्रशांत साहू, कचरू साहू के परिवार तथा दोंदे के संतोष पटेल के परिवार भी शामिल हुये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का पांचवा दिन है और सारागांव से पहला पडाव सेमरिया फिर रात्रि विश्राम के लिये सडडू पहुंचेंगे। हम लगातार रायपुर राजधानी के ओर बढ़ रहे है। आज का पदयात्रा लगभग 18 किमी की रहेगी। न्याय यात्रा लगातार राजधानी की ओर बढ़ रहा है वैसी ही सरकार की दिल की धड़कन बढ़ते जा रही है। छत्तीसगढ़ की जनता ने और इस क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस पार्टी को हाथो हाथ उठाया। जिस मकसद से हम लोग न्याय यात्रा को लेकर में चले है जोश और उत्साह दुगुनी होती जा रही है। कल तमाम वरिष्ठ नेतागण नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्रीगण और विधायकगण हमारे साथ चले और पूर्व विधायक भी साथ चले और आगे भी चलेंगे। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा कांग्रेस पार्टी की हमारा कारवा राजधानी की ओर बढ़ चुका है और कल अंतिम दिन है और राजधानी रायपुर में बहुत ही बड़ा वृहद रूप लेना वाला है।

# जो बुजुर्गों का सम्मान करता है, ईश्वर की कृपा उस पर रहती हैः मंत्री लखनलाल देवांगन

## नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा में प्रशांति वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि जो बुजुर्गों का सम्मान करता है, ईश्वर की कृपा उस पर रहती है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान एवं परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अभ्यागत के रूप में उपस्थित प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि वे बुजुर्गों का सम्मान कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मंत्री देवांगन ने नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करते हुए 20 वर्षों से संस्था द्वारा वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। जबकि संस्था किसी प्रकार का शासकीय अथवा गैर शासकीय अनुदान प्राप्त नहीं करती है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था पूरे छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की सोच बुजुर्गों को सम्मान देने और उनके सेवा की है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम के संचालन की बात कही है। कोरबा में भी नए भवन में वृद्धाश्रम शुरू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि चुंकि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था 20 वर्षों से वृद्धाश्रम का संचालन कर रही है, इसलिए संस्था को ही इसका संचालन सौंपने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा। इसके पहले मंत्री द्वारा बुजुर्गों को तिलक लगाते पुष्पहार और श्रीफल से सम्मान किया गया। परिचर्चा में पार्षद नरेन्द्र देवांगन, डॉ. संजय गुप्ता, कल्पना मिश्रा आदि ने भाग लिया और अपनी बात रखी। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए वृद्धाश्रम के संचालन की जानकारी दी और कुछ समस्याओं की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम का संचालन वीणा मिस्त्री ने किया। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष प्रफ्फुल तिवारी, पूर्व एल्डरमेन सत्येन्द्र दुबे, निज सचिव नरेन्द्र पाटनवार, वृद्धाश्रम के केअरटेकर बीरू यादव, अनिल यादव, रेखारानी लाल, रामकुमार राठौर, डीगम्बर सिंह कौशिक, शशिकला सोनी, उर्वशी यादव, लता यादव, कल्पना गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।

# अब हमे ऐसी भावना को स्वीकार करना है जिससे ये मानव जन्म सुधर सके : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी परम पूज्य महेंद्र सागर जी महाराज साहेब युवा मनीषी परम पूज्य मनीष सागर जी महाराज साहेब के शिष्य रत्न युवा संत परम पूज्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज साहेब ने आज के प्रवचन के माध्यम से फरमाया कि सम्यक ज्ञानीए सम्यक दर्शी और जो सम्यक चारित्रवान है उन्हें निर्वाण अर्थात मोक्ष जरूर मिलता है। ज्ञानी भगवंतो ने जड़ और चेतन का पाप और पुण्य का संसारिक और मुक्त का तथा आश्रव और संवर का भेद बताया। देव अरिहंत परमात्मा जैसे होना चाहिए। गुरु निर्ग्रंथ हो और दया जैसा धर्म हो ये सब जिस प्राणी के जीवन में हो निश्चित ही वो प्राणी निर्वाण को प्राप्त करने के योग्य होता है। पंच महाव्रत को स्वीकार करने वाला अथवा कम से कम व्रतों को धारण करने वाला निर्वाण को प्राप्त कर सकता है। अब हमे ऐसी भावना को स्वीकार करना है जिससे ये मानव जन्म सुधर सके। इस जीवन में हम निर्वाण के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सके। सभी शास्त्रों के माध्यम से परमात्मा ने यही समझाया है कि जीवन का एकमात्र लक्ष्य है आत्मा को मोक्ष तक पहुंचाना। क्योंकि यह शरीर तो नाशवान है और आत्मा अजर अमर है। आत्मा ही शाश्वत सत्य है इसलिए आत्मा के भव भ्रमण को खत्म करने का प्रयास करना है। साधक को अपने जीवन में एक ही भय होता है कि उसे जो यह अत्यंत दुर्लभ मानव जन्म मिला है वह व्यर्थ न हो जाए। इसलिए जीवन का अंतिम क्षण आने से पहले इस मानव जीवन को सार्थक बनाना है। ज्ञानी कहते हैं जो सच्चा ज्ञानवान होता है निश्चित ही वह विनयवान भी होता है। इसका श्रेष्ठ उदाहरण है आचार्य हरिभद्र सूरी। आचार्य श्री ज्ञान के भंडार थे लेकिन उन्होंने यह भी सोच रखा था जिस दिन मैं किसी गाथा का अर्थात किसी दोहे का अर्थ न समझ पाऊं उस दिन मैं उनका शिष्य बन जाऊंगा।

# प्रभु श्री राम की भक्ति से मानव भवसागर से पार हो जाता है : कविता योगेश बाबर

### बोदाछापर में रामधुनी का समापन कविता योगेश बाबर ने किया

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम बोदाछापर में तीन दिवसीय राम धुनी प्रतियोगिता का आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया अंतिम दिवस समापन अवसर की अतिथि जिला पंचायत सभापति कविता योगेश बाबर थी उनके ग्राम में पहुँचने पर आयोजन समिति द्वारा बाबर का भव्य स्वागत सत्कार किया गया भगवान श्रीराम के चित्र पर पूजन अर्चन कर सभा को संबोधित करते हुए बाबर ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को बधाई दी और कहा कि आज पितृ का पावन पर्व है हम अपने पितरों को वर्ष भर के लिए विदाई देंगे। आयोजन समिति द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से ग्रामीण क्षेत्रों में एक बहुत ही अच्छा धार्मिक वातावरण एवं आपसी भाइचारा प्रेम सौहार्द्र का निर्माण होता है। बाबर ने ग्रामवासियों को आने वाले शारदीय नवरात्र पर्व की भी अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम के इस अवसर पर राम नारायण ध्रुव सरपंच देवरी रूपचंद साहू कृष्ण साहू अर्जुन साहू भीखम साहू विक्रम तिवारी यमुना यादव रेखा ध्रुव ईश्वरी साहू पंच भुवन साहू रुपेश साहू पुरषोत्तम साहू एवम् बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# साहू समाज ने किया वृद्धजनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



साहू समाज धमतरी के पदाधिकारियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाआश्रम रुद्री में जाकर वृद्धजनों का पूजा.आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ होता है। वृद्धजनों के प्रति हम सभी के मन में सम्मान और अटूट प्रेम के साथ ही उम्र के अंतिम पड़ाव में जब वे असहाय और अक्षम होते हैं तो उनके साथ होना, उनकी सेवा करना अधिक महत्वपूर्ण है और यह सबकी नैतिक कर्तव्य है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हमारे वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा दिए गए योगदान एवं उनके कल्याण हेतु समर्पित होकर सेवा कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू,तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गजपाल, प्रदेश न्याय प्रकोष्ठ सदस्य परामर्शदाता गजानंद साहू, जिला सचिव मंजूषा साहू, भगवताचार्य देवी भूमिका, परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, मनोज साहू,कल्याण साहू, भीषण साहू उपस्थित थे।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने स्वच्छता व जागरूकता हेतु लिए शपथ




पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रास इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन एवं अनिता पटेल प्राचार्य के दिशा निर्देश तथा कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने, अपने परिवार से, मोहल्ले से सफाई अभियान चलाते हुए गांव-गांव गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करने शपथ लिया गया। जो कि स्वच्छता की ओर बढ़ाया एक कदम भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक रमेश कुमार पटेल रेडक्रास इकाई प्रभारी, जितेन्द्र कुमार पटेल, गजानंद नायक, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, मुकेश नाग, दुर्योधन विद्याकांत कश्यप व स्वयंसेवक धर्मेन्द्र भोई, किशन नंद, जीतू साहू, सुभाष बीसी, निराकार, भूपेन, सोमेश साव, विकास राणा, सरिता वैष्णव, पुष्पा डडसेना, यशोदा साव, योगिता प्रधान, प्रीति, चन्द्रिका, किरण सोना, जूली साव , लीजा, यज्ञसेनी आदि स्वयंसेवक शामिल हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।

### दुर्गा विद्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण आज

**सरायपाली।** लम्बर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महात्मा गांधी का अनावरण व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि रुप कुमारी चौधरी, सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद, अध्यक्षता डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रा, से,यो विशिष्ट अतिथि रुक्मणी, सुभाष पटेल, अध्यक्ष, पंचायत बसना अनीता चौधरी, समाज सेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य विश्व मानव अधिकार आयोग प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति एवं जी एस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षा सेवा समिति लंबर कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल एवं समस्त स्टाफशाला नायक एवं समस्त छात्र छात्राओं उक्त जानकारी प्राचार्य जी पी पटेल ने देते हुए अधिक से अधिक तादात में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रासेयो. स्वयंसेवकों नें चलाया महास्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ कुरुद
www.dailypioneer.com




गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कुरूद नगर में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत मेगा -ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, शासकीय उच्चश्रर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी, शास. उच्च. माध्य. विद्यालय कातलबोड़ एवं शासकीय आईटीआई कुरूद की एनएसएस इकाइयों के द्वारा नगर पंचायत कुरूद में ,नगर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ ली गई। तत्पश्चात रासेयो के 200 से भी अधिक स्वयंसेवकों के द्वारा कुरूद नगर के पुराना बाजार, चंडी माता मंदिर परिसर, नया बाजार, कारगिल चौक बस स्टेण्ड एवं डिपो रोड में स्वच्छता सह जागरूकता अभियान चलाया गया एवं शहर से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कुरूद के सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता, नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष संजय तपन चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक कुलदीप साहू, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, सभापति मनीष साहू, डूमेश साहू, कुरूद महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, शशांक कृदत्त, खेमराज सिन्हा, अनुराधा साहू, तुकेश साहू सहित रासेयो इकाई 01 कुरूद के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, शास.उच्च. माध्य. विद्यालय कातलबोड़ के कार्यक्रम अधिकारी टूकेश्वर साहू, शास.उच्च. माध्य. विद्यालय करेली बड़ी की कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा सिन्हा, शासकीय आईटीआई कुरूद के कार्यक्रम अधिकारी चमन पाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थें।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती' के लिए शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश पर बुधवार को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर एक दिवस के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने आदेश जारी किया है। जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी / विदेशी / कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, आदि जैसे एफएल.-1 (घ्घ), सी.एस.-2 (घ्घ), सी.एस.-2 (घ्घ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी. एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.1 (ख-अहाता) एवं मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 2 अक्टूबर 2024 (कुल 01 दिवस) को संपूर्ण दिवस के लिये सीलबंद किया जाये तथा मदिरा के विक्रय / विनिर्माण/ संग्रहण / धारण / परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया गया है।

# सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफ्लता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति के रिपोर्ट के आधार पर लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से सायबर सेल द्वारा संपर्क किया जा रहा है। जिसके तहत 88 यूआरएल मेटा को भेजा गया था। जिसमें से 19 इंस्ट्राग्राम को पेज को बंद करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही 3 इंस्टाग्राम पेज से भड़काऊ वीडियो को डिलीट किया गया है। इसके साथ ही अनुविभाग गिरौद द्वारा 5 अपराधियों की पहचान कर 1 के खिलाफ धारा 107,116 (3) के तहत कार्रवाई की गई है एवं 4 ने माफीनामा कबूल करते हुए उनके परिजनों को उक्त प्रकरणों में भी समझाईश दी गई है। इसके अतिरिक्त सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से सोशल मीडिया में असंवैधानिक एवं गैर कानूनी कार्य करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले वासियों से अपील करते हुए किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने बचने कहा है। यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों,तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। अवैधानिक, असंवैधानिक, गैर कानूनी एवं आपत्तिजनक पोस्ट,कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है। उक्त बैठक में मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, डीएसपी श्रीवास्तव, डीआईओ सत्यनारायण प्रधान,जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी,सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी सहित मनोज पठारी उपस्थित रहे।

# ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से करना होगा पालन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जारी आदेश का पालन सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से शब्दशः और मूल भावना में करने के निर्देश आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए हैं। न्यायलय ने आदेशित किया है कि अधिकारी ध्वनि प्रदूषण के मामले में सकारात्मक कार्यवाही करें। गाड़ियों पर साउंड बॉक्स रखकर डीजे बजाने पर वाहन में साउंड बॉक्स मिलने पर साउंड बॉक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाएगा। जब्त साउंड बॉक्स को मजिस्ट्रेट( कलेक्टर ) के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। द्वितीय बार पकडे जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा उच्च न्यायलय के आदेश के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी पर अवमानना कार्यवाही होगी।उच्च न्यायलय ने कहा है कि जब भी शादियां, जन्मदिन, धार्मिक - सामजिक कार्यक्रम में निर्धारित मापदंडो से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी उस स्थान पर जाकर लोगों की भावनाओ का कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उन्हें उच्च न्यायलय के आदेश का पालन करने कहें, अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके विरुद्ध उच्च न्यायलय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायलय में दायर करें। अगर ध्वनि प्रदूषण यन्त्र टेंट हाउस, साउंड सिस्टम प्रदायकर्ता या डीजे वाले का पाया जाता है तो उसे सीधे जब्त किया जाए। प्रेशर हार्न या मल्टी टोन हार्न लगाने पर - वाहनों में प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न पाया जाता है तो अधिकारी तत्काल ही वाहन से निकाल कर नष्ट करेंगे तथा रजिस्टर में दर्ज करेंगे। दोबारा हार्न लगाने पर वाहन जब्त कर उच्च न्यायलय के आदेश के बिना वाहन को नहीं छोड़ा जाएगा। 100 मीटर के दायरे में लाउड स्पीकर बजाने पर- स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, कार्यालय से 100 मीटर एरियल डिस्टेंस पर लाउड स्पीकर बजने पर प्राधिकृत अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण यन्त्र को जब्त करना होगा।

# नशा से बचाव जागरूकता अभियान है जारी

## नई दिशा अभियान के तहत शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में हुआ कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत वटगन में स्थित शासकीय नवीन महाविघालय एवं शासकीय स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 320 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा.मांग. अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है की मादक द्रवों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान की शुरुवात की गई. जिसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और निती पूर्ण बातों का जानकारी देतें हुए बचें रहने की सलाह भी दिये गये। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सखी वन स्टॉप सेंटर तुलिका परघनिया सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# माधोपाली में कल से नवरात्र प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली लंबर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त गारमीणो के द्वारा इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आचार्य पंडित महादेव वैष्णव व सहायक साहेब दास वैष्णव मुख्य यजमान ईश्वर साहू गंगोत्री साहू, अतुल श्रीवास शिवकुवर रहेंगे एवं कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है कि कलश यात्रा मुरती स्थापना 3अक्टूबर, अष्टमी हवन 10 अक्टूबर नवमी हवन पूर्णाहुति नौ कन्या 11 अक्टूबर विजयदशमी एवं भंडारा दशहरा 12 अक्टूबर एवं देवी विसर्जन 13 अक्टूबर को किया जाएगा एवं प्रत्येक दिन माता सेवा ग्राम के भक्तजनों द्वारा किया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामीणों ने अपील की है की यहां आकर मां के दरबार में दो अच्छा प्रतिसाद प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सेजेस भंवरपुर की बेटियों को मिली सरस्वती सायकल



पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सेजेस भंवरपुर मे 19 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे बालिकाओं के शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए सरस्वती सायकल योजना कि शुरुवात कि गई. ये योजना एक ऐसी महत्वकांक्षी योजना है जो कि ना सिर्फ बेटियों के स्कूल आने जाने मे मदद करती है बल्कि बेटियों के शिक्षा कि राह को आसान करती है. इस अवसर पर समिति सदस्य जीतू वैष्णव, बी. पी. देवांगन, गुलाब स्वर्णकार, विशु अग्रवाल, मनप्रीत कौर सलूजा, शशिकांत बारीक, पालक समिति अध्यक्ष भोज प्रधान के साथ साथ सेजेस के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# सांसद विजय बघेल ने किया नशा-मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ, प्रचार रथ को दिखाई हरी झण्डी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नशा-मुक्त भारत अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में आज आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा-मुक्त भारत अभियान हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुर्ग के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने नशा-मुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जनों को नशा-मुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बघेल ने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित है जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने लोगों से कहा कि नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण हेतु शपथ में कही गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें। नशा सर्वत्र नाश का कारण है, नशा से व्यक्तिगत हानि के साथ इसका प्रभाव परिवार एवं सामाजिक पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की उज्जवल भविष्य के लिए और प्रदेश एवं देश के विकास के लिए नशा-मुक्त राष्ट्र का निर्माण जरूरी है। विधायक गजेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि हम सबके लिए आज गौरव का दिन है, आज हम सब नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी योगदान हेतु उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहे और अपने परिजन जो नशा के आदि है, उन्हें भी नशा से दूर रहने का सुझाव देवें। विधायक यादव ने कहा कि भारत सरकार की सोच नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण की है, ऐसे में हम सबको भी इस सोच को साकार करने अपनी भूमिका अदा करनी होगी। उन्होंने विद्यार्थी वर्ग को मोबाईल उपयोग करने की नशा से दूर रहने का आव्हान किया। संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने नशा-मुक्त अभियान में शामिल होकर यह बता दिये है कि वे अपने जीवन में किसी भी प्रकार के नशा का प्रयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना है, यह तभी संभव है, जब यह वर्ग नशा-मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को गलत संगत से बचने तनाव प्रबंधन की सिख लेनी होगी। इसके लिए उन्होंने श्वसन ध्यान की उपाय बताते हुए ध्यान के माध्यम से ऊर्जा संचय करने की बातें कही। आई.जी. आर.जी. गर्ग ने युवा वर्ग को स्वयं को नशे से दूर रखने की सलाह देते हुए अवगत कराया कि नशीला पदार्थ बेचने वालों के संबंध में पुलिस सहायता केन्द्र को 112 नंबर डायल कर नशे के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस का सहयोग करें। कलेक्टर सुऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि हम सब इस कार्यक्रम में स्वयं को नशे से दूर रखने बताये गये मार्गदर्शन को समझने उपस्थित हुए।

# ग्राम नगपुरा निवासियों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन के लिए दिया आवेदन

- खराब सड़कों के कारण आने जाने में हो रही है असुविधा, उमरपोटी निवासियों ने की शिकायत

## जनदर्शन में आज 137 आवेदन प्राप्त हुए




पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज एडीएम अरविंद एक्का ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगां से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 137 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत गिरहोलावासियों ने अवैध मुरूम उत्खनन परिवहन की शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि तहसील अहिवारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरहोला में तालाब निर्माण किया जा चुका है, उसके बावजूद मुरूम उत्खनन के बहाने तालाब बनाने के नाम से समतल भूमि को अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इस पर एडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम नगपुरा निवासी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन प्रदान करने आवेदन दिया।

नगपुरा में ग्रामीण परिवारां को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य अधूरा है। ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। महिलाओं और बालिकाओं को रोजाना पानी लाने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ रहा है। एडीएम ने पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उमरपोटी निवासियों ने कालोनी की खराब सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन दिया। विगत दो-तीन वर्षो से कालोनी वासियों को खराब सड़क के चलते काफी परेशानी व दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी सूचना ग्राम पंचायत उमरपोटी सरपंच को दी गई थी। वस्तु स्थिति का उन्होंने मुआयना भी किया।

साथ ही नाली व नल हेतु गड्ढ़ा खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, जिसके कारण आने जाने में और वाहन पार्किंग में असुविधा हो रही है। खराब सड़क के चलते बारिश होने पर कीचड़ के मुख्य परेशानी स्कूल पढ़ने वाले बच्चों की है, जो कई बार रास्ते में स्लिप होकर गिर गए हैं। इस पर एडीएम ने सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# पीएम आवास से निर्मित मकानों का किया जाएगा आबंटन

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नागरिको को आवास का आबंटन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है एवं कुछ जगहो पर निर्माण कार्य जारी है। जिन मकानो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 15 स्थानों पर कुल 3709 आवासों का स्वीकृति प्राप्त हुआ है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल मकानो में से 1083 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 1912 मकान पूर्णता पर है। जिसको दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण किये गये मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियो का किया जा चुका है। जिनमें से 1906 आवास आबंटन हेतु शेष है। जिसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा। उन्हे नियमानुसार लाटरी पद्वति से आवास आबंटन कर दिया जाएगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में दिनांक 03.10.2024 को समय प्रातः 11:00 बजे मकान आबंटन हेतु लाटरी रखा गया है। जिन हितग्राहियो द्वारा पहले से आवेदन जमा किये है और प्रथम किश्त की राशि जमा कर चुके है। उन्हे आगामी लाटरी पद्वति में शामिल हो सकते है। जिसकी सूचना हितग्राहियो को समाचार पत्रों, दुरभाष एवं सूचना पत्र के माध्यम से पृथक से दिया जाएगा। मकान आबंटन होने के पश्चात शेष बकाया राशि 9 समान किस्तों में जमा कर मकान की चाबी प्राप्त कर सकते है।

# विधायक एवं आयुक्त के साथ विद्यार्थियों ने दी स्वच्छता में सहभागिता

## सुराना कालेज परिसर पर चला अभियान, विधायक व आयुक्त ने लिया हाथ मे फावड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को सुराना कालेज परिसर की सफाई की गई। विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित विधार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में हाथ मे फावड़ा लेकर अनावश्यक खास को काटकर मैदान साफकर श्रमदान कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि सफाई अभियान का असल उद्देश्य लोगो में सफाई के प्रति जागरूकता लानी है, देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को पूरे देश में अभियान बनाया है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हमे अपने आसपास वातावरण को स्वच्छ रखने सफाई से झिझक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक व आयुक्त ने निगम अमले, विधार्थियों के साथ सुराना कॉलेज परिसर से अनावश्यक झाड़ियों व पालीथिन प्लास्टिक, कचरा इकट्ठा कर कॉलेज परिसर को स्वच्छ बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कुणाल, राहुल मौजूद रहे।

# 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का भव्य समापन-निगम भिलाई में

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर से प्रारंभ कर 02 अक्टूबर तक किया जाना था। जिसके अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलई क्षेत्र में दिनांक 17 सितम्बर से लेकर 02 अक्टूबर तक अनवरत शासन से प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार कार्यक्रम किये गये।

02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कार्यक्रम का समापन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में रखा गया है। सनद रहे कि 02 अक्टूबर 1914 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूवात किये थे, जो अनवरत जारी है। इस कार्यक्रम से जुड़कर ही हम स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए। साथ ही भिलाई शहर के हर नागरिक इसके महत्व को समझे और प्रतिज्ञा लिए की स्वच्छता ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, हम सब इसमे अपना भरपूर सहयोग देगे। भिलाई शहर को देश को सबसे बड़ा स्वच्छ शहर बनाने में अपनी सहभागीता निभाएंगे।

निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको, सामाजिक एवं अध्यात्मीक संगठनो से अपील किये है कि आप सब 02 अक्टूबर सुबह 9:30 बजे नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सह-सम्मान उपस्थित हो। जिसमें हम सब मिल के स्वच्छता मित्रो का सम्मान करेगे, उन संगठनो को जो स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे है। उन्हे भी सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल के पत्रकारगण भी सादर आमंत्रित है।

# समस्याओं के निराकरण को लेकर पुलिस ने की ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

लौह उत्पादन के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियों के आसमान को छूते भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ ट्रांसपोर्टरों के अनुभव उतार चढ़ाव से भरे हुए हैं, ख़ास कर मालवाहक वाहनों के आवागमन को लेकर खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसे लेकर दुर्ग पुलिस, इस्पात प्रबंधन और सीआईएसएफ के बीच अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है, ऐसी समस्याओं के निराकरण को लेकर पुलिस के द्वारा सभी संस्थाओं के साथ बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में किया गया। ट्रांसपोर्टरों ने बोरिया गेट के पास पार्किंग की व्यवस्था, सप्लाई की छोटी गाड़ियों के लिए अलग गेट की आवश्यकता और सभी तरह के गाड़ियों की आवाजाही को सरल-सुगम करने की बात कही, जिस पर सभी विभागीय अधिकारियों ने भी अपना पक्ष रखा। बीएसपी मैनेजमेंट ने पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से सहयोग की बात कही।

दुर्ग पुलिस से सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, यातायात पुलिस विभाग से डीएसपी सतीश ठाकुर, टीआई भट्टी थाना, बीएसपी और सीआईएसएफ के अधिकारी, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टस एसोसिएशन से अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, संरक्षक महेंद्र सिंह, सदस्य धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, सुनील यादव, पंकज शर्मा, दलजीत सिंह, जगजीत सिंग, धीरमन लूहा, संजय तिलांथे, कृष्णा लाल, कमल सिंह, सोमेश्वर नाथ, रिज्जू सिंह, सहित सभी सदस्य शामिल हुए।

# हजारों छात्र-छात्राओ ने प्रतिवर्ष 100 घंटे सफाई करने की ली शपथ




पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय शकुन्तला विद्यालय, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, शासकीय स्कूल, शंकरा चार्य इंजीनियरिंग कालेज, डीपीएस स्कूल दुर्ग के छात्र-छात्रा एवं उनके शिक्षक, प्राचार्य, प्रोफेसर आदि की उपस्थिति में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने घर, परिवार, कार्य स्थल से सफाई की शुरूवात करने का संकल्प लिये। विधायक रिकेश सेन ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि लोग पहले कुछ भी खा कर प्लास्टिक, रेपर इधर-उधर सड़को में फेंक देते थे। अब वही बच्चे स्वयं अपने माता-पिता को सचेत करते है। कुड़े, कचरे को डस्ट बीन में ही डालने के लिए प्रेरित करते है। स्वच्छता से जुड़कर बच्चे स्वयं जागरूक हुए, अपने परिवारो एवं दुसरे लोगो को भी जागरूक कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान गुब्बारा उड़ाकर स्वच्छता का संदेश दिये गये। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता स्लोगन लिखकर सभी ने हस्ताक्षर किये एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चैहान, स्वास्थ्य अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त बजरंग दुबे, शकुंतला विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त सतीश यादव, येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, अभियंता अरविंद शर्मा, स्वेता महेश्वर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अंकित सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं स्पोर्ट्स ऑफिसर इत्यादि उपस्थित रहे अंत में विधायक रिकेश सेन ने स्वच्छता जागरूकता के लिए कन्या शाला वैशाली नगर में जाकर बच्चो के साथ मिलकर सफाई भी की।

# शांति नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो को कराया जाएगा खाली




पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत शांति नगर क्षेत्र में रतना बिल्डर्स के ईडब्लूएस भूमि पर निर्मित 36 प्रधानमंत्री आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से दिनांक 03.10.2024 किया जाना है। आबंटित किये जाने वाले मकानो का निरीक्षण करने आयुक्त बजरंग दुबे, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। स्थल पर 06 ऐसे मकान थे जिसे अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे खाली कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियो को दिये है। अधिकारियो द्वारा कब्जाधारियो को 3 से 4 बार नोटिस भी जारी किया गया है। उसके बाद भी उनके द्वारा मकान खाली नहीं किया गया है। दिनांक 02.10.2024 को निगम प्रशासन, पुलिस बल एवं तोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध कब्जा को खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी। मकान नीलामी की प्रक्रिया स्थावत होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर**
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395, E-mail:-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/47/डाटा सेंटर/न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**निविदा संशोधन सूचना-1**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के द्वारा जारी निविदा (RFP) "Supply, Installation, Commissioning, and Monitoring of a GPS-based Vehicle Tracking System (including the GPS tracker devices) for all Municipal Vehicles.", क्रमांक 40/डाटा सेंटर/न.पा.नि./2024 दिनांक 10.09.2024 में Bid query reply के पश्चात् निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 08.10.2024 तक बढ़ाई जाती है। शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

प्रोग्रामर
नगर पालिक निगम,
रायपुर

# विधायक व महापौर ने स्कूल के हजारों बच्चे को एक साथ दिलाई स्वच्छता की शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम द्वारा सुराना कॉलेज में मंगलवार को प्रातः 11 बजे स्वच्छता सेवा कार्यक्रम हुआ। जिसमें विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। बता दे कि विशेष स्वच्छता अभियान ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी वार्डो में चलाया जा रहा है। जिसमे 17 सितंबर से प्रतिदिन अलग अलग 60 वार्डो के क्षेत्रों में कार्यक्रम चलता रहा। जिसका आज सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, दीपक नगर, विश्वदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आदर्श कन्या विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जे.आर. डी.नेशनल स्कूल के शामिल हजारो बच्चो को एकत्रित कर स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता का महत्व बताया।साफ सफाई में कोई झिझक नही होनी चाहिए। बच्चों को साबुन से हाथ धोने का तरीका सिखाया। स्वच्छता की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया।शहर को स्वच्छ बनाए रखने एवं गीला सुखा कचरा घरों से अलग अलग देने के लिए लोगों से सहयोग का आह्वान किया। ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम को बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। विशेष स्वच्छता अभियान ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी वार्डो में चलाया जा रहा है।विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिस आजाद भारत का सपना महात्मा गांधी ने देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं बल्कि एक स्वच्छ व विकसित देश की भी कल्पना की थी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि हर सप्ताह सिर्फ दो घण्टे श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करे। हम गंदगी नही करेगे बल्कि लोगों को भी गंदगी न करने की अपील करेगे। इसकी शुरूआत हम अपने घर, परिवार, मुहल्ले व कार्यस्थल से करनी होगी। साफ-सफाई रहेगी तो हम निरोगी होने के साथ ही साथ स्वस्थ भी रहेगे और हमारा समाज व देश भी स्वस्थ होगा। जो देश स्वच्छ दिखता है वहां के नागरिक न गंदगी करते है न करने देते है। हमें चाहिये कि स्वच्छता को अपना कर शहर गली-गली, मुहल्ले-मुहल्ले,जाकर स्वच्छता मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर कार्यक्रम पीआईयू कुणाल, राहुल, प्रताप सोनी स्वच्छता निरीक्षक स्वच्छता एम्बेसडर विश्वनाथ पाणिग्रही शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
Fax No. - 07786-242230 E-mail : cmokondagaon.2010@rediffmail.com

**// मैन्युअल पद्धति से प्रथत/द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/2571/न.पा./लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव, दिनांक 20/09/2024

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो से नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 11.10.2024 को समय 05.00 बजे तक। (निविदा हेतु आवेदन के साथ शर्तों के अधीन पात्रता संबंधी समस्त दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।)
2. परीक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 16.10.2024 को समय 05.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 22.10.2024 को समय 04.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 22.10.2024 को समय 05.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाखों में) | अमानत राशि (F.D.R.) | निविदाकार की श्रेणी | निविदा फार्म/डी.डी. की राशि | निविदा फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु विद्युत शाखा अंतर्गत विद्युत मरम्मत सामग्री क्रय (द्वितीय निविदा) | 30.00 | 30000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म ''एबीसी'' |
| 2 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु सफाई सामग्री क्रय (द्वितीय निविदा) | 30.00 | 30000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म ''एबीसी'' |
| 3 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु सफाई सामग्री क्रय (द्वितीय निविदा) | 30.00 | 30000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म ''ए'' |

निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कोण्डागांव

## संपादकीय

# सुनीता विलियम्स दृढ़ इच्छाशक्ति

**सुनीता विलियम्स** अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण से न केवल भयानक संकट में जीवित रहीं, बल्कि उन्होंने अपने बचाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जान कर खुशी होती है कि सुनीता विलियम्स जल्द ही घर वापस आ जाएंगी। एलोन मस्क की 'स्पेसएक्स' ने केप कैनावेरल से फाल्कन 9 राकेट छोड़ा है जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आईएसएस में फंसे दो एस्ट्रोनाट को बचा कर वापस लाएगा। इस मिशन का उद्देश्य दो अमेरिकन एस्ट्रोनाट बुच विल्मोर एवं सुनीता विलियम्स को वापस लाना है जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में महीनों से बोइंग के स्टारलाइनर में आई समस्या के कारण फंसे थे। पहले उनकी योजना आठ दिन ठहरने की थी, पर स्टारलाइनर की तकनीकी समस्याओं के कारण एस्ट्रोनाट का मिशन बहुत लंबा खिंच गया। हर भारतीय उनके बचाव की प्रतीक्षा कर रहा था क्योंकि कल्पना चावला की छवि उसके दिमाग में थी जिनकी अंतरिक्ष मिशन में जान चली गई थी। वे स्पेसशटल कोलम्बिया दुर्घटना में मरने वाले सात चालक दल सदस्यों में शामिल थीं। स्पेसक्राफ्ट 1 फरवरी, 2003 को धरती के वातावरण में वापस प्रवेश के समय नष्ट हो गया था। अंतरिक्ष का विशाल अनजाना भाग अब भी अनेक आश्चर्य समेटे है, लेकिन यह अनोखी चुनौतियां भी पेश करता है। वर्तमान गड़बड़ी एस्ट्रोनाट के कारण न होकर 'नासा' तथा बोइंग कंपनी के कारण पैदा हुई जिन्होंने अनेक चेतावनियों और कमियों के बावजूद मिशन की अनुमति दे दी।



सुनीता विलियम्स दो अंतरिक्ष यात्रायें करने तथा अंतरिक्ष में 300 घंटे से अधिक समय बिताने वाली महिला हैं। उन्होंने अपने नवीनतम मिशन की शुरुआत पूरे विश्वास और विशेषज्ञता के साथ की थी जो उनको सालों के प्रशिक्षण व प्रतिबद्धता से प्राप्त हुआ है। उनके इस मिशन के दौरान एक बड़ी गलती हुई जिसने स्पेसक्राफ्ट के महत्वपूर्ण हिस्सों को बेकार कर दिया और उनको आईएसएस पर फंसे रहना पड़ा। यह कोई मामूली गड़बड़ी न होकर अनेक विफलताओं का नतीजा थी। लेकिन इसके कारण सुनीता विलियम्स को कष्ट उठाना पड़ा। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण के कारण वे सर्वाधिक विपरीत परिस्थितियों में शांत बनी रह सकीं और यह उनके जीवित रहने का आधार बना। विलियम्स के लिए विपरीत परिस्थितियां नई नहीं हैं। भारतीय और स्लोवानियन आप्रवासी की बेटी ने पुरुष-प्रभुत्व वाले क्षेत्र में अपने कॅरियर की शुरुआत में अनेक बाधायें तोड़ीं। अपनी अदम्य इच्छाशक्ति व कार्यशैली से वे हमेशा आगे रहीं। उन्होंने अंतरिक्ष में भ्रमण किया। उन्होंने 2017 तक अंतरिक्ष में 195 दिन बिताए थे जो किसी महिला द्वारा एक अंतरिक्ष यात्रा में बिताया गया सर्वाधिक समय है। अपने कॅरियर में विलियम्स ने अंतरिक्ष में 322 दिन से अधिक समय बिताया जिससे वे महिला इतिहास की सर्वाधिक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बन गईं। सुनीता विलियम्स ने जान जोखिम वाली वर्तमान स्थितियों का पूरी दृढ़ता और साहस से मुकाबला किया। उन्होंने लगातार मानसिक क्रियाओं तथा ध्यान से अपना साहस उच्च स्तर पर बनाए रखते हुए फौरन समस्या समाधान का प्रयास किया। हमें उम्मीद और प्रार्थना करनी चाहिए कि उनके बचाव का मिशन सफल होगा और सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ सुरक्षित घर लौट कर परिवार से मिलेंगी। यह मिशन हमारे तथा नासा और उसके ठेकेदारों के लिए एक सबक है कि वे अंतरिक्ष मिशनों में किसी प्रकार की कमियां न छोड़ें तथा गलतियों की संभावना शून्य करें।

# प्रधानमंत्री की परिवर्तनकारी पहल

भारत में 'मेक इन इंडिया' पहल ने 10 साल में व्यापक परिवर्तनकारी प्रभाव छोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ने विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा प्रदान कर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



**पीयूष गोयल**
(लेखक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं)



**भारत में** 'मेक इन इंडिया' पहल ने 10 साल में व्यापक परिवर्तनकारी प्रभाव छोड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने विनिर्माण को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा प्रदान कर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 25 सितंबर को देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गेम-चेंजिंग' पहल 'मेक इन इंडिया' के दस साल पूरे किए। इसने रोजगार सृजन तथा निवेश बढ़ाने के माध्यम से भारत का औद्योगिक परिवेश महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। इसने सामान्य नागरिकों में विश्वास पैदा किया है। इस पहल ने उनमें यह विश्वास भी पैदा किया है कि वे संपत्ति सृजन करने वाले बन सकते हैं। 'मेक इन इंडिया' की दस साल की यात्रा बहुत उल्लेखनीय रही है जिसने औद्योगिक क्षेत्रों में नया उत्साह पैदा किया है और वे देश की अर्थव्यवस्था के विकास इंजन बन गए हैं। इस पहल ने घरेलू मांग पूरी करने के साथ ही निर्यात में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस उत्साहवर्धक यात्रा की शुरुआत ऐसे कठिन समय में हुई थी जब घरेलू निवेशक निराश थे।

उनकी इस निराशा का कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में अक्षम कांग्रेस सरकार का खराब प्रशासन तथा 'नीतिगत विकलांगता' थी। उस समय अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही थी और लोगों का उसके प्रति विश्वास ध्वस्त हो गया था। उस समय मीडिया की सुर्खियां लगातार भ्रष्टाचार घोटालों से भरी रहती थीं, मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही थी, ब्याज दरें ऊंची थीं तथा भारतीय मुद्रा रुपये का भविष्य अनिश्चित लग रहा था। इस निराशाजनक व अंधकारमय भावना को समाप्त करने के लिए भारत के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में निर्णायक मत दिया था। हमारे प्रधानमंत्री ने भारत के विकास और प्रगति का एक निर्णायक दृष्टिकोण पेश किया था। वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि भारत एक विश्व महाशक्ति बन कर उभरे। वे चाहते थे कि भारत में रोजगारों का सृजन हो और हमारे नौजवानों को अपना और देश का भविष्य बनाने का अवसर मिले। उन्होंने पहचान लिया था कि भारत को सफल बनाने के लिए विनिर्माण का क्षेत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

ऐसे समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की। यह पहल शुरू करने के बाद बीते पिछले दस साल एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए अन्य बहुआयामी व परिवर्तनकारी परिवर्तनों के बिना सफल न हुई होती। उनके द्वारा उठाए गए प्रमुख सुधारात्मक कदमों में वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी, 'बैंकरप्टसी कोड' तथा अनेक अन्य सुधार शामिल हैं। देश में 'बिजनेस सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए 42,000 से अधिक नियमों का पालन समाप्त किया गया। इसके साथ ही ऐसे 3,700 प्राविधान भी समाप्त किए गए जो मामूली अपराधों के लिए दंड का प्राविधान करते थे। इनको विभिन्न कानूनों और संहिताओं से हटाया गया ताकि छोटे बिजनेसों का नौकरशाही द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न समाप्त हो। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत की स्थिति विश्व बैंक की 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' में तेजी से सुधरी। इसके परिणामस्वरूप भारत को इस रिपोर्ट में 2019 में 63वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि 2014 में यह 142वें स्थान पर था। भारत सरकार ने नौजवान उद्यमियों द्वारा की जाने वाली खोजों और आविष्कारों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया' पहल शुरू की। इस पहल से अनेक रोजगार तलाशने वाले युवा स्वयं रोजगार देने वाले बन कर उभरे। इस प्रकार 'स्टार्टअप इंडिया' ने देश की आर्थिक प्रगति तथा उसका आर्थिक परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस पहल ने स्वीकृत 'स्टार्टअप' की संख्या में भारी वृद्धि की। इनकी संख्या इस साल जून में बढ़ कर 1,40,803 हो गई। इनसे भारत में काफी मात्रा में निवेश आया तथा 15 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन हुआ।

ये स्टार्टअप देश में खोजी इकोसिस्टम को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये सफाई, अंतरिक्ष की खोज, खाद्य पदार्थों की बरबादी रोकने, स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र तक पहुंच बढ़ाने तथा महिलाओं के सशक्तीकरण जैसे क्षेत्र में सामने आने वाली गंभीर समस्याओं के उपयुक्त समाधानों पर काम कर रहे हैं। सरकार ने देश में 11 औद्योगिक कॉरीडोरों के विकास पर ध्यान दिया है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 औद्योगिक स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा है जो भारत में विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति में रीढ़ की हड्डी जैसी भूमिका निभाएंगे। इनमें से चार स्मार्ट शहर भारी मात्रा में निवेश आकर्षित कर रहे हैं। इनमें विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए ढांचागत संरचना में भारी निवेश किया जा रहा है तथा तेजी से विभिन्न कामों के लिए अनुमतियां मिल रही हैं। इन 'स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी' में 1.7 लाख करोड़ निवेश पहले ही आ चुका है जिससे 80,000 लोगों को प्रत्यक्ष तथा भारी संख्या में अन्य लोगों को परोक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सरकार की 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव'-पीएलआई योजनाओं ने अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया है जिनमें एलेक्ट्रानिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, आटोमोबाइल, टेक्सटाइल एवं चिकित्सा उपकरण क्षेत्र शामिल हैं। इन पीएलआई योजनाओं का उद्देश्य इन क्षेत्रों में तेजी से टिकाऊ विकास सुनिश्चित कर यह सुनिश्चित करना है कि ये वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिता में सक्षम हों। पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप 1.32 लाख करोड़ निवेश प्राप्त हुआ है जिससे लगभग 11 लाख करोड़ के विनिर्माण उत्पाद सामने आए हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से 8.5 लाख करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, जबकि परोक्ष रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या इस पहल के कारण बहुत अधिक है।

ढांचागत क्षेत्र में प्रधानमंत्री की पहलों ने भारतीय विनिर्माण को बढ़ावा दिया है। वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ ही ढांचागत विकास देश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने का प्रमुख साधन बन गया है। आज भारत में एक्सप्रेसवे व हाईवे का विशाल और बढ़ता नेटवर्क मौजूद है। नए विश्व-स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं तथा नए 'फ्रेट कॉरीडोर' सामने आ रहे हैं। भारत को लगातार निवेश के बहुत आकर्षक लक्ष्य के रूप में देखा जा रहा है। देश वर्तमान समय में '4 डी लाभ' दे रहा है जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्णायक नेतृत्व, हमारे नौजवानों, कौशल व कुशल भारतीयों का जनसंख्या लाभांश, अर्थव्यवस्था में 140 करोड़ भारतीयों द्वारा पैदा की जाने वाली मांग, निवेशों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने वाला लोकतंत्र तथा कानून का शासन शामिल हैं जो किसी एक या दूसरे के खिलाफ भेदभाव की अनुमति नहीं देते हैं। यह '4-डी' भारत में विनिर्माण आकर्षित करने का प्रमुख मामला है। आज घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को यहां अपने बिजनेस बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। निवेशक समुदाय में इसके प्रति भारी उत्साह है। अनेक प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहे हैं जो भारत की प्रगति में निवेश कर उसमें साझीदार बनना चाहते हैं। दूसरे देशों की सरकारें और दुनिया भर के सीईओ भारत में अवसरों को तलाश रहे हैं। अनेक देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते भी किए हैं।

दुनिया अब भारत को एक विनिर्माण लक्ष्य के रूप में देख रही है। इसका एक प्रमुख कारण भारत का प्रतियोगी लाभ तथा अर्थव्यवस्था के जीवन्त मूलाधार हैं। आज मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, आर्थिक वृद्धि तेज है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार कठोर राजकोषीय अनुशासन का पालन कर रही है। वर्तमान वैश्विक स्थितियों में यह अत्यधिक प्रशंसनीय है जहां टकराव व अनिश्चितता व्याप्त है। प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने स्थिति में अकल्पनीय परिवर्तन किया है। जहां 2014 के पहले भारत को दुनिया के 'अस्थिर पांच' देशों में माना जाता था, वहीं अब यह दुनिया के 'सर्वोच्च पांच' में शामिल है। इस प्रकार पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी की 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने इसे एक परिवर्तकारी दशक बना दिया है। भारत कांग्रेस शासनकाल के 'बरबाद दशक' से निकल कर समग्र प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगा रहा है।

# आंतरिक शक्ति का उपयोग

> मानव मस्तिष्क जटिल पहेली है। इसमें असाधारण क्षमताएं तथा ऊर्जा का असीम भंडार है।

**रवि वल्लूरी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



**मदिरापान उसकी** भयानक आदत बन गई थी। धर्मेन्द्र ने अंतिम प्रयास के रूप में जयपुर से बैंगलुरू में इससे मुक्ति पाने के लिए 'आर्ट आफ लिविंग' आश्रम जाने की उड़ान पकड़ी। सौभाग्य से गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने उसे उसकी दिन शाम 4 बजे का समय दे दिया। सिगरेटों और शराब की गंध से भरा वह बैंगलुरू हवाईअड्डे पर लड़खड़ाता हुआ उतरा। उसे भौतिक, मानसिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक सहारे की जरूरत थी।

केवल कोई 'माहिर' व्यक्ति या गुरु ही उसे यह सहारा दे सकता था। कुछ समय पहले मेरे मित्र भी मदिरापान की भयानक लत से मुक्ति पाने का प्रयास कर रहे थे। मैंने उनसे एक रिहैबिलिटेशन सेंटर जाने, शराब छोड़ने की इच्छा रखने वाले शराबियों की आनलाइन बैठकों में शामिल होने तथा आर्ट आफ लिविंग के हैपीनेस प्रोग्राम में शामिल होने को कहा। गुरुदेव ने उनको 11 बजे सवेरे का समय दिया और एक झलक देखने के बाद उनको आश्रम के आयुर्वेद अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जहां उनके शरीर, मन और आत्मा का पूर्ण डिटाक्स किया जाता। 15 दिन के बाद उनको हैपीनेस प्रोग्राम में शामिल होने को कहा गया। गुरु ने धमेन्द्र के जीवन में परिवर्तन कर उनके मन में अवसर का लाभ उठाने की भावना पैदा कर दी। लेकिन अस्थिर मन ने एक बहाना खोजा और धर्मेन्द्र ने आयुर्वेद अस्पताल छोड़ दिया और फिर पुरानी आदत का शिकार हो गए।

वे खतरे को नहीं समझ सके, मन में व्याप्त भावनायें नहीं जान सके और लालच का शिकार हो गए। मस्तिष्क हमारे शरीर का एक अंग तथा तंत्रिका तंत्र का केन्द्र है, वहीं मन चेतना और विचारों का केन्द्र है। यह किसी व्यक्ति की बुद्धि, स्मृति और ध्यान का केन्द्र है जिसकी



संभावनायें अतीत के जीवन या संभावित आवश्यकताओं से निर्धारित होती हैं। ऐसे व्यक्ति पैटर्न तोड़ने में अक्षम होते हैं और अपने 'कंफर्ट जोन' में रहते हैं। उनके 'प्राण' का स्तर बहुत कम होता है और उनके दिमाग का पैंडुलम अतीत में अटका रहता है। मुख्य सवाल यह है कि हम इस असाधारण ऊर्जा का उपयोग कैसे करें। यदि हम जीवन के चमकदार पक्षों को देखें तो ऐसी मानसिक कल्पना आश्चर्यजनक काम करती है। कुछ समय बाद दिमाग स्वयं को पुरस्कृत, अनुग्रहीत व प्रसन्न अनुभव करता है। माहिर गुरुओं ने इसे 'आकर्षण का नियम' कहा है। यदि इसे अनुग्रह के नियम से न जोड़ा जाए तो आकर्षण का नियम एक भ्रम बना रहता है।

ये दोनों नियम एकसाथ काम करते हैं तथा जीवन्त दिमागों में भावी प्रगति की संभावनायें पैदा करते हैं। कुछ लोगों में दिमाग का पैंडुलम अतीत में चिपक जाता है। वे अतीत का बोझ ढोते रहते हैं और बिना किसी गुरु की पेशेवर सहायता के रास्ता ठीक करने का प्रयास करते हैं। इससे वे काल्पनिक दुनिया में फर्जी वीरता प्रदर्शित करते हैं। वे अपने निकटस्थ लोगों का भी व्यवहार बदलने का प्रयास करते हैं ताकि वे अपने मन की बात उनको समझा सकें। इस प्रकार की सोच वाले लोग जीवन में शार्टकट तलाशते हैं और बिना किसी सफलता के सबको खुश रखने का प्रयास करते हैं। वे व्यापक तस्वीर नहीं देखते। उनका दिमाग चालाक और स्वार्थी होता है और वे किसी पर विश्वास नहीं करते हैं। उनमें विश्वास की कमी भय को जन्म देती है।

मानव मस्तिष्क बहुत जटिल है, इसमें असाधारण संभावनायें और ऊर्जा का भंडार है। सवाल है कि इसकी असाधारण ऊर्जा का प्रयोग कैसे किया जाए। यदि हम जीवन के चमकदार पक्षों को देखें तो ऐसी मानसिक कल्पना आश्चर्यजनक रूप से काम करती है। कुछ समय में मस्तिष्क स्वयं को पुरस्कृत और अनुग्रहीत अनुभव करता है। सकारात्मक विचार एक सकारात्मकता और उत्साहजनक प्रभाव पैदा करते हैं। इससे जीवन की जटिल पहेली हल हो जाती है। इसे माहिर लोग आकर्षण का नियम कहते हैं। यदि यह अनुग्रह के नियम से न जुड़े तो आकर्षण का नियम भ्रम बना रहता है। ये दोनों एकसाथ काम करते हैं। इन नियमों पर ध्यान देकर कोई भी व्यक्ति अपने दिमाग को अतीत के बंधनों से मुक्त कर सकारात्मक दिशा में ला सकता है।

## आप की बात

### आतंकियों पर हमले

**इसराइल** के आतंकियों पर हमले लगातार तेजी से जारी हैं। ऐसे ही एक हमले में जिबुल्ला प्रमुख हसन नसरुल्ला का मारा जाना उसके आतंकी संगठन के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। एक के बाद एक हिजबुल्ला के सभी बड़े कमांडरों का सफाया कर दिया गया है। लेबेनान में हमले के बाद इसराइल ने हूतियों पर भी जबरदस्त हमला किया है। इससे अब पश्चिमी एशिया में युद्ध समाप्त होने के लगभग सभी रास्ते बंद हो गए हैं। ईरान ने सभी मुस्लिम देशों को मिलकर इजरायल के खिलाफ करने का आह्वान किया है। मगर खुद खामेनेई को ही सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है जो ईरान के सबसे बड़े नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नसरुल्ला के मारे जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि वह हजारों अमेरिकनों की मौतों का जिम्मेदार था। इसराइल के इस आतंकवाद-विरोधी अभियान में दुनिया के सभी देशों और राजनेताओं को सहयोग देना चाहिए। लेकिन विडंबना है कि अपने निहित स्वार्थों के चलते कुछ लोग उल्टे इसराइल को आतंकवादी और नसरुल्ला को शहीद बताने में लगे हैं। दु:ख की बात है कि आतंकवाद से पीड़ित भारत में भी ऐसी गलत सोच वाले लोगों की काफी संख्या है। इन पर लगाम लगनी चाहिए।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### उदयनिधि का दृष्टिकोण

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन वहां के उप-मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने पिछले साल सनातन धर्म पर धर्मावलम्बियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली टिप्पणी करते हुए सनातन एक बीमारी है कहा था। इसकी सर्वत्र निंदा भी हुई थी। ऐसे में उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बनाने पर सवाल उठ रहे हैं। इसके लिए विपक्षी पार्टियों ने सरकार से स्पष्टीकरण माँगा है। सरकार तथा मुख्यमंत्री स्टालिन को इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए। हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। यहाँ सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धर्म के अनुसार चलने का संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है। हालांकि उदयनिधि इसके बाद भी सनातन-विरोधी टिप्पणियां करते रहे और जनता का भारी दबाव पड़ने पर द्रमुक और स्टालिन को इनको उदयनिधि की व्यक्तिगत राय कहना पड़ा। अब उदयनिधि के उप-मुख्यमंत्री बनाने के बाद यह पूछना उचित है कि उनका सनातन धर्म के प्रति क्या दृष्टिकोण है, उसमें कोई बदलाव आया है या नहीं? यह सवाल कांग्रेस के नेताओं व खासकर राहुल गांधी से भी पूछा जाना चाहिए कि क्या वह तमिलनाडु में अपने गठबंधन सहयोगी की सनातन-विरोधी टिप्पणियों से सहमत हैं या नहीं?

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मिलावट की मार

**तिरुपति** मंदिर में प्रसाद में पशु-चर्बी व मछली के तेल के खुलासे के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इसी तरह इंदौर में 5500 किलो नकली घी पकड़ा गया है। कुछ दिनों बाद दशहरा, दीपावली के त्यौहार आने वाले हैं। हमारे देश में इन पर्वों पर दूध, घी, मावे तथा मिठाइयों की अधिक खपत होती है। लेकिन हर वर्ष नकली दूध, घी, मावा, आदि बड़ी मात्रा में पकड़ा जाता है। इसके बावजूद नकली व मिलावटी वस्तुओं पर वह अंकुश नहीं लग पा रहा है जो जन-स्वास्थ्य की दृष्टि से अपेक्षित है । आज चाहे खाने-पीने की वस्तुएं हों या जीवनरक्षक दवाइयां, गोलियां, आदि बड़े पैमाने पर नकली व मिलावटी हैं। दवा नियामक सीडीएससीओ ने मासिक ड्रग अलर्ट में जानकारी दी है कि बुखार में खाई जाने वाली पेरासिटामोल टैबलेट समेत 53 दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई है। अपनी जेब भरने के लिए देश की जनता की सेहत के साथ यह खिलवाड़ वास्तव में किसी देशद्रोह से कम नहीं है। सरकार को युद्ध स्तर पर मिलावटी व नकली वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाना चाहिए। लोकतंत्र अगर जनता लाचार व बीमार है तो देश कभी भी हृष्ट-पुष्ट नहीं हो सकता। सरकार को अब इस दिशा में कठोरतम कदम उठाना चाहिए। यही वक्त का तकाजा है।

–**हेमा हरि उपाध्याय,** खाचरोद

### पाकिस्तान को उत्तर

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह पहले ही कह चुके हैं कि पीओके हमारा है। हमारे दो मुख्यमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्री भी इसी बात को कई बार दोहरा चुके हैं। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने भी इस बात को कठोरता से दोहरा दिया है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर को खाली करे । संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79में सत्र में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर को खाली करें क्योंकि वह पीओके में आतंकी शिविर चलाता है जिसका विरोध स्वयं पीओके निवासी भी करते रहते हैं। इसी तरह से संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रथम सचिव नवयुवती भाविका मंगल नंदन ने भी भारत की पक्ष रखते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफके दांत खट्टे कर दिए हैं जिन्होंने फिर कश्मीर राग अलापा था। जब भाविका जवाब दे रही थीं तब शाहबाज शरीफ बगलें झांकते नजर आ रहे थे। भारत मजबूती से पीओके की जनता के साथ खड़ा है जो पाकिस्तान सरकार के उत्पीड़न, अनदेखी व भेदभाव से बहुत त्रस्त है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रदेशभर के 4 लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ॰ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






प्रदेशभर के लगभग चार लाख कर्मचारी-अधिकारी 27 सितंबर को राज्य के समस्त 33 जिला मुख्यालयों में कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आंदोलन किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने बताया कि 27 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विशाल धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों को मांगों को पूरा कराने ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक श्रीमती हीना कश्यप ने बताया कि प्रदेश में मोदी की गारंटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां कर्मचारियों की मूल मांगे तो दूर डीए जैसे मूलभूत चीजें भी नसीब नहीं हो पा रही है। जबकि नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी कहकर राज्य के कर्मचारियों और अधिकारियों से बहुत सारे वायदे किए थे। एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आंदोलन से कार्यालयों में ताला लटका रहा, इस आंदोलन को सफ्ल बनाने में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के साथियों के साथ ही पूरे प्रदेश भर के शिक्षकगण भी शामिल हुए, कर्मचारियों ने आंदोलन स्थल पर जोरदार नारेबाजी करते हुए अब नहीं सहिबो, मोदी के गारंटी ले के रहिबो की नारेबाजी की। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा व छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने कहा कि शासन की नींद तोड़ने के लिए हमने एक दिन की हड़ताल की, अब भी अगर मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो जल्द ही अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया जाएगा। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले मोदी की गारंटी में कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का वायदा किया था, सत्ता में आने के बाद वादे को भुला दिया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संरक्षक रेखराज साहू,अनिल रामटेके, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय मेहर, नरेंद्र लाल देवदास, दीपक प्रकाश, प्रदेश सचिव अशोक कुमार तेता, प्रदेश कोषाध्यक्ष- तेजराम कामाड़िया, सहित रमेश साहू, हेमलता बढ़ई, धनी राम मरकाम, प्रेमचंद सोनवानी, सूर्य लाल साहू, भुनेश्वरी सहारे, आनंद साहू प्रदेश प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू, रत्नाकर खूंटिया, भूपेंद्र साहू,मितेन्द्र बघेल, ओवैसी नायक, कीर्तन मंडावी, प्रदेश संगठन मंत्री-अश्वनी देशलहरे, दुर्ग संभाग प्रभारी- नरेंद्र साहू, बिलासपुर संभाग प्रभारी- रोहित कुमार डिण्डौरे, जशपुर जिलाध्यक्ष-महेश यादव, मुंगेली जिलाध्यक्ष-राजकुमार धृतलहरे, बेमेतरा जिलाध्यक्ष- अरुण कुमार सोनी, मोहला मानपुर जिलाध्यक्ष राजकुमार सरजारे, कोंडागांव जिलाध्यक्ष-सुरेश कुमार बेर, बस्तर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार गौर,दुर्ग जिलाध्यक्ष कीर्तिमान कामड़े आदि ने प्रदेश भर के कर्मचारियों एवं अधिकारियों व शिक्षकों को 27 सितंबर के एक दिवसीय आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूर्व विधायक अवधेश ने किया वृहद ऑयल पॉम पौध रोपण




पायनियर संवाददाता ॰ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वृहद ऑयल पॉम पौध रोपण अभियान 15 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 के तहत ग्राम रेवे (बेरला) में ऑयल पाम कृषक संगोष्ठी एवं पौधरोपण के तहत कृषक प्रीतम चंदेल के फार्म में 10.00 एकड़ जमीन में अवधेश चंदेल के द्वारा पौधा रोपण कार्य किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि ऑयल पाम योजना, केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण योजना है जिससे हमारा देश खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। कृक्षकों को लंबी अवधी की फसल जिसे बार-बार लगाने की आवश्यकता न हो व जिसकी खरीदी निश्चित हो उसे अपनाना चाहिए। ऑयल पाम फसल लगाकर न केवल कृषक अधिक आमदनी कमा सकते है, अपितु खाद्य तेलों का आयात कम करने में सहयोग कर देश की सेवा में सहभागी बन सकते हैं। इस योजना को बढ़ावा देने हेतु कृषक अपने ही जमीन में ऑयल पाम का रोपण करवायें और अधिक से अधिक किसान भाइयों को इस योजना को अपनाने की बात कही गयी है। जिले के उद्यानिकी विभाग के अधिकारी हितेन्द्र कुमार मेश्राम सहायक संचालक उद्यान, द्वारा जानकारी दी गई कि ऑयल पाम योजना, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की संयुक्त परियोजना है, हमारे देश में खाद्य तेल की कमी है. जिसे हम अन्य देशों से आयात करते है। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत इस योजना का उद्देश्य खाद्य तेलों में भारत को आत्मनिर्भर बनाना व कृषकों की आय में वृद्धि करना है। अतः इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु उद्यान विभाग द्वारा वृहद ऑयल पॉम पौध रोपण अभियान चलाया जा रहा है। योजनान्तर्गत बेमेतरा जिले में इस वर्ष 200.00 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यान विभाग द्वारा अनुबंधित संस्था 3-एफ ऑयल पॉम जिले में कार्यरत है। इस संस्था द्वारा कृषकों को उच्च गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध कराना, तकनीकी मार्गदर्शन प्रदाय करना व उपज की खरीदी शासन द्वारा निर्धारित दरों पर करना है। ऑयल पॉम योजना अंतर्गत कृषकों को प्रथम चार वर्ष तक दिये जाने वाले विविध अनुदान (प्रथम चार वर्ष तक अन्तर्वतीय फसल एवं रखरखाव हेतु राशि रू. 10300.00 प्रति हे.) के बारे में बताया गया।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

पायनियर संवाददाता ॰ उतई
www.dailypioneer.com



सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई। मिलपारा रिसाली निवासी ओमनारायण यादव अपनी कार से धमतरी जा रहे थे। इसी दौरान धमतरी क्षेत्र में ही उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि वे अपनी मां को लेने के लिए कार से जा रहे थे तभी यह घटना घटी। जानकारी के अनुसार उनकी कार तीन बार पलटी होकर सड़क से नीचे आ गई। जिससे उनके सिर व पैरों में गंभीर चोट आई थी। एक्सीडेंट कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ओमनारायण चीचा (पाटन) सरकारी स्कूल में शिक्षक पद पर कार्यरत थे। वे मिलनसार व मृदु' स्वभाव के लिए जाने जाते थे। स्कूल के बच्चों की एक्टिविटी में भी उनका पूरा योगदान रहता था। इस घटना से रिसाली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। यादव अपने पीछे पत्नी और दो बेटियां छोड़ गए है। नेवई पुलिस ने बताया कि घटना धमतरी क्षेत्र में हुई है। इसलिए वहां की पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# शोध ग्राम फरी एवं समाधान महाविद्यालय में हुआ स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता ॰ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के शोध ग्राम फरी एवं समाधान महाविद्यालय में एनएसएस व रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आशीर्वाद ब्लड सेंटर, रायपुर के लैब टेक्निकल तथा टेक्नीशियन द्वारा सर्वप्रथम विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप एवं वजन की जांच की गई। इसके पश्चात शोध ग्राम फरी में ग्रामवासियों के बी.पी., ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन का परीक्षण कराया। एक्सपर्ट टेक्नीशियन ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद लेने एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का परामर्श दिया। इस शिविर में कुल 112 लोगों ने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इसी क्रम में एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताश् के तहत महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई एवं जागरूकता रैली निकाल कर जनमानस को प्रेरित किये। बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा नूरी सिन्हा, बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ऋषभ देवांगन एवं एवं छात्रा सोनम साहू ने प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण, साफ- सफाई, स्वच्छता के नियमों व तरीकों से अवगत कराकर जागरूक किया। शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी की समन्वयक पूजा सिन्हा, एनएसएस एवं क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उप-प्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, शासकीय प्राथमिक शाला फरी के प्रधानपाठक बजरंग शर्मा, सहायक अध्यापक सुनीता वर्मा, रुख्मणी साहू एवं सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, स्वाति पटेल, गायत्री राजपूत व अंशु दत्ता सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# निकाय चुनाव लड़ाने से पहले नेताओं का मूल्याकंन पार्टी के लिए बनाए गए सदस्यों के आंकड़े से होगा

पायनियर संवाददाता ॰ उतई
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर जिले के पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं नगरीय निकाय के पार्षदों की बैठक अहिवारा, धमधा, दुर्ग शहर, उतई और पाटन में संपन्न हुई। बैठकों में मुख्य रूप से जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, नेता अजय तिवारी, जिला सदस्यता टोली संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, डॉ. मानसी गुलाटी, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर उपस्थित रहे। जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के वर्तमान जनप्रतिनिधि को आगामी चुनाव में दोबारा अधिकृत करने से पहले पार्टी के प्रति उसका समर्पण आवश्यक रूप से देखा जाएगा। वर्तमान जनप्रतिनिधियों को अवसर देने से पहले उनके मूल्यांकन का आधार उनके द्वारा बनाए गए सदस्यता के आंकड़े से होगा, उसके बाद ही किसी नेता की सिफारिश काम आएगी अर्थात पार्टी के प्रति उसका योगदान पहले देखा जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पार्टी ने पूर्व में नगरीय निकाय और पंचायत में चुनाव लड़ने का मौका दिया और अब आपकी बारी है कि पार्टी के प्रति समर्पण भाव दिखाने की। पार्टी ने व्यक्तिगत तौर पर जो लक्ष्य हर पार्षद को दिया है, उसको पूरा करके अपने पद और संगठन के साथ न्याय करें। भाजपा सदस्यता अभियान की जिला टोली के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत से संबंधित अगले पद में फिर से जाना चाहते हैं, तो पार्टी ने जितना लक्ष्य निर्धारित किया है, उस लक्ष्य को पद के अनुरूप हासिल करना होगा और लक्ष्य को पूरा करके पार्टी की दृष्टि में उसे पद के लायक अपने आपको प्रस्तुत करना होगा, तभी पार्टी ऐसे इच्छुक कार्यकर्ताओं को आगे फिर से अवसर देने के बारे में विचार करेगी। नेताओं ने जनप्रतिनिधियों से आव्हान करते हुए कहा कि पार्टी के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने से पार्टी के साथ-साथ स्वयं का भी आधार मजबूत होगा। आभार प्रदर्शन जिला सदस्यता टोली की सदस्य डॉ. मानसी गुलाटी ने किया। बैठकों में दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, फत्ते वर्मा, खेमलाल साहू, लोकमनी चन्द्राकर, लालेश्वर साहू, द्वारिका साहू, गोविंद देवांगन, विजय डरसेना, अनिल यादव, बृजेन्द्र दानी, पारखत साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, शुभम ताम्रकार, संजय चन्द्राकर, देवकुमार सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, चमेली साहू, शिवेंद्र परिहार, नरेंद्र बंजारे, कुमारी साहू, चंद्रशेखर चन्द्राकर, अजीत वैद्य, कुलेश्वर साहू, कविता तांडी, काशीराम कोसरे, सुरेन्द्र बजाज, देवनारायण तांडी, गुड्डू यादव, कमल देवांगन सहित पार्षदगण और जनपद व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा ने बालोद जिले लिए दल्लीराजहरा के जयदीप गुप्ता को बनाया प्रभारी

पायनियर संवाददाता ॰ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर, 2024 भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा प्रधानमंत्री को प्रथम सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान के माध्यम से देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा, पर्व मनाकर अपना विस्तार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन पर एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाफ़चंद बाफना के अनुसंसा पर दुर्ग संभाग के प्रभारी कांतिलाल बोथरा व सह प्रभारी प्रमोद जैन ने भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के लिए व्यापारी प्रकोष्ठ की तरफ से बालोद जिले लिए दल्लीराजहरा के जयदीप गुप्ता को प्रभारी बनाया है वहीं सह प्रभारी के रूप में रमेश जैन को नियुक्त किया गया है। जयदीप गुप्ता ने पूरे प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूरे 6 सालो में इस सदस्यता अभियान को एक महापर्व के रूप मनाती है ऐसे में आज मुझे बालोद जिले का प्रभारी बनाया है। अतः बालोद जिले में हम सभी व्यापारी प्रकोष्ठ के लोग मिल कर शत प्रतिशत सदस्य बनाएंगे साथ ही इस महापर्व में नये लोगो को भी बड़ी सख्या में सदस्य बनाने का सकल्प दिलाएंगे। जयदीप गुप्ता पहले से ही दल्ली राजहरा मंडल में वार्ड वार्ड व आस पास के गांव में सदस्यता अभियान चला रहे। इस नियुक्ति पर जयदीप गुप्ता ने लाफचंद बाफना, कांतिलाल बोथरा, पवन साहू, प्रमोद जैन, राकेश यादव, चेमन देशमुख व गोविंद वाधवानी का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है मैं उसे पूरी निष्ठा से करूंगा और ज्यादा से ज्यादा भाजपा से जोड़ने की कोशिश करूंगा। जयदीप गुप्ता की इस नियुक्ति पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ॰ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



न्याय यात्रा के चौथे दिवस में आशीष छाबड़ा शामिल हुए। प्रदेश में बढ़ते हुए अपराध तथा राज्य सरकार के द्वारा अपराधों पर लगाम न लगा पाने एवं बलौदा बाजार में हुई आगजनी तथा कवर्धा में हुए जघन्य हत्याकांड के विरोध में कांग्रेस के द्वारा गिरौधपुरी से रायपुर तक नया यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने दल बल के साथ शिरकत की तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के साथ कदम से कदम मिलाया, इस दौरानपुर विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार अपराधों पर नियंत्रण नहीं लग पा रही है। प्रदेश में चारों तरफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। चाहे बात राजधानी की हो या अन्य जिला मुख्यालयों अथवा ब्लॉक मुख्यालय की सभी तरफ अपराधी तत्व हावी हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की न्याय यात्रा प्रदेश के दबे कुचले वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा की जा रही है, जिसमें बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस रैली में शामिल हुए हैं। भाजपा सरकार के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को बिना किसी अपराध की जेल में डाला जा रहा है। जबकि अपराधी तत्वों को खुली छूट दी गई है। ऐसे में यह कांग्रेस की यात्रा प्रदेश सरकार को जगाने के लिए की जा रही है, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बहल वर्मा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी प्रदेश कांग्रेस युवा कांग्रेस के सचिव प्रांजल तिवारी एवं मोहित वर्मा राजेंद्र वर्मा पार्षद राजू साहू सुमित राजपूत बबलू जनार्दन जोगिंदर छाबड़ा देव गर्ग रीना साहू सीताराम यदू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# ठेकेदार ने नाली को पाटकर बनाया सीसी रोड, रेलवे के मैदान में भरा गंदा पानी

पायनियर संवाददाता ॰ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को टी. ज्योति पार्षद द्वारा जानकारी दिया गया कि वार्ड नं 26 में ठेकेदार द्वारा सी सी रोड निर्माण कराया गया था, जिसमें नाली को पाट दिया गया, जिससे घरों का निकासी पानी जाने का मार्ग नही था, सी सी रोड के बीच में पानी निकासी के लिए खुदाई किया गया, जिससे पूरे रेलवे मैदान में गंदा पानी एकत्रित हो रहा है। जिससे खिलाड़ियों को खेलने में व वार्ड वासियों को आवागमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वार्ड 26 में पूर्व में 2 बोर कराया गया लेकिन कार्य पूर्ण नही हुआ। बोर में ना तो मोटर डाला गया और न ही मीटर लगाया गया इसलिए यह बोर अनुपयुक्त साबित हो रहा है। इस समस्या को संज्ञान में लेकर नगर पालिका अधिकारी ने वार्ड 26 में कार्यस्थल में पहुंचकर निरीक्षण किया और इंजीनियर को तत्काल नाली के ऊपर स्लैब डालने के लिए कार्य को करने का आदेश दिया गया, व बोर में मोटर व पाइप के लिए सीएमओ द्वारा कलेक्टर से मीटिंग में बात रखने के लिए आश्वासन दिया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद टी.ज्योति, इंजीनियर भानु प्रकाश घोष ,कर्मचारी पंकज चंद्राकार, कर्मचारी सतीश चंद्रा उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पीएम आवास योजना का लक्ष्य साझा किया



पायनियर संवाददाता ॰ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्यवार विवरण और लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि आवास निर्माण में कोई भी बाधा न आए। ग्रामीणों ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इस योजना के तहत मिलने वाले अवसरों के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

# भद्रकाली तालाब का सेवा पखवाड़े में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया साफ-सफाई



पायनियर संवाददाता ॰ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पूरे पखवाड़े भर सेवा के विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। विगत 2 दिनों से लगातार स्वक्षता अभियान के अंतर्गत भद्रकाली माता तालाब को स्वक्ष सुंदर गन्दगीमुक्त करने के लिये भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्षदगण नगरवासी नगरपालिका प्रशासन ठाकुर साहब, कर्मचारियों का पूरा दल इस कार्य में लगातार लगा हुआ है। आनेवाले नवरात्रि पर्व भद्रकाली महोत्सव 51 फिट का भगवाध्वज चौपाटी के साथ नवीन बाजार को व्यवस्थित करने का प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। भद्रकाली तालाब में नवरात्रि का ज्योत विसर्जन के लिये पहले ही तालाब को साफ सुथरा कर विशेष सौंदर्यीकरण पचरी सहित पूरे तालाब के चारों ओर रंगरोगन किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा में यह कार्य भाजपा के कार्यकर्ताओं स्वयं विधायक दिपेश साहू जो शहर को साफ सुथरा कर स्वक्ष स्वस्थ सुंदर बेमेतरा बनाने की अपनी सोंच को कार्यरूप दे रहे हैं इस कार्य मे नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली पार्षद देवराम साहू यशवंत लहरे सहित सभी कार्यकर्ता लगे रहे हैं।

# पोषण माह के समापन में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्रासन्न



पायनियर संवाददाता ॰ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम सेलूद के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में पोषण माह के अंतिम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ पोषण माह जो एक माह चली इसका समापन भी हुआ। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही साथ जो गांव में कुपोषित बच्चे हैं उनके पालकों को बुलाकर पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गायत्री बंछोर ने पोषण महा अभियान में जो जो गतिविधि हुई उसके बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच खेमिन खेमलाल साहू, ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, अजीत पाल, धीरेंद्र जांगड़े, अशोक यादव, लवण बंजारे, टॉमन साहू सहित हेमा, जागेश्वरी, हिना साहू, गायत्री साहू, प्रेमलता बंजारे, रंजना भारती, रश्मि, सरस्वती, सुरेखा, पूर्णिमा सहित अन्य मौजूद थे।

# नगर में सर्किल कोसरिया यादव समाज में नए पदाधिकारियो का चुनाव संपन्न



पायनियर संवाददाता ॰ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर में सर्किल कोसरिया यादव समाज में नए पदाधिकारियो का चुनाव किया गया। जिसमें बालोद जिला के समस्त पदाधिकारी गण निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव संपन्न करने में योगदान दिया। इस चुनाव में दल्लीराजहरा के समस्त पंचायतों के पदाधिकारियों ने अपना अपना वोट देकर इन प्रत्याशियों को विजयी बनाया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए कृष्णा यादव, सचिव योगेश यादव, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष साजन यादव, सहसचिव भूषण यादव, संगठन मंत्री रोहन यादव एवं संरक्षक प्रदीप यादव को नवनिर्वाचित के रूप मे पद भार दिया गया एवं महिलाओं का भी चुनाव किया गया महिला पद पर अध्यक्ष के रूप मे निर्मला यादव, उपाध्यक्ष नीता यादव, सचिव श्रुती यादव, कोषाध्यक्ष कौशिल्या यादव, सहसचिव यशोदा यादव, महामंत्री श्रद्धा यादव एवं संरक्षक कल्पना यादव को निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया संपन्न करते हुए जिला पदाधिकारी के द्वारा समस्त नवनिर्वाचित सर्किल पदाधिकारीयों को शपथ दिलाते हुए यादव समाज के नियमों के आधार पर कार्य करने हेतु समाज में समर्पण भाव से सेवा करने निर्देशित किया गया।

# मार्निंग वॉक पर निकले तीन दोस्तों को अज्ञात ट्रेलर ने कुचला,एक की मौके पर मौत, दो को आई गंभीर चोट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में मार्निंग वॉक में निकले तीन दोस्तों को अज्ञात ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मौके पर ही एक बालक की मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार हेतु रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बानीपाथर निवासी अजय गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीती रात 2 बजे अपने काम के सिलसिले में ग्राम बोडासागर ग्राम में स्थित राईस मिल में भुसा लेने गया था। इस दौरान तड़के करीब 04 बजे मुकेश साहू ने उसे फोन करके बताया कि तुम्हारा लडका कुलदीप गुप्ता 15 साल गांव के अन्य दो लडके भगत रौतिया 18 साल, जितेन्द्र चैहान 20 साल के साथ मार्निंग वाक करने निकला था। इस दौरान जब वो लोग रेल्वे ओवर ब्रीज के पास एनएच 49 में पहुंचे ही थे कि एक अज्ञात ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मारकर फरार हो गया है। इस घटना में घटना स्थल पर ही कुलदीप की मौत हो गई।

## दोनों घायल रायगढ़ रिफर

अज्ञात ट्रेलर की ठोकर से गंभीर रूप से घायल भगत रौतिया और जितेन्द्र चैहान को रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात ट्रेलर की ठोकर से कुलदीप गुप्ता के दांये हाथ, दांये पैर में गंभीर चोंट लगने से उसकी मौत हुई है।

## 9वीं का छात्र था मृतक

बताया जा रहा है कि अज्ञात ट्रेलर की चपेट में आकर जिस बालक कुलदीप गुप्ता की मौत हुई वह कक्षा 9वीं का छात्र था और वह रोजाना की भांति अपने दोस्तों के साथ मार्निंग वॉक में गए थे इस दौरान यह घटना घटित हो गई।

## अरोपी चालक फरार

एनएच 49 में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन दोस्तों को ठोकर मारने के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया है। खरसिया पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिये सड़क किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# शहर को स्वच्छ रखने के लिए किया गया श्रमदान

मुंगेली। ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत जिले के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में



कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद मुंगेली के परमहंस वार्ड स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने श्रमदान कर साफ-सफाई में अपना योगदान दिया और लोगों को साफ -सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित संगठनों ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए शपथ भी लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं, चेम्बर ऑफ कामर्स, हरियर मुंगेली, सुघ्घर मुंगेली, पंतजलि योग समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। गौरतलब है कि 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यो को एक उत्सव के रुप में मनाना है।

# शकरबोगा में चक्रधरनगर पुलिस ने लगाया जन चैपाल

## थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा पर ग्रामीणों को किया जागरूक



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम पुलिस जन चैपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल, 29 सितंबर को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम शकरबोगा में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर ष्पुलिस जन चैपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर ने उपस्थित ग्रामीणों और खिलाड़ियों को पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों को नशे के सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए, विशेष रूप से नवयुवकों से नशे से दूर रहने की अपील की।

निरीक्षक आहेर ने कहा, नशा सिर्फ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सभी को इस अभियान का हिस्सा बनकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग देना चाहिए।

इसके अलावा, थाना प्रभारी ने साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे लोग साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं और इससे बचने के उपाय क्या हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें। कार्यक्रम के अंत में, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन समिति के निमंत्रण पर निरीक्षक प्रशांत राव ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधि, ग्रामीण और पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण विषय पर हुआ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



गांधी जयंती को हमारे देश में राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी सत्य अहिंसा के साथ ही साथ स्वच्छता के भी पुजारी थे। अभी समस्त शासकीय स्कूलों और संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बम्हनीडीह विकासखंड के प्राथमिक शाला अमोदी में भी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा का आयोजन कर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जो जाने रे, गाया गया। बच्चो को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए अपनी व्यक्तिगत सफाई और आसपास को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सिंगल युज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण और इनसे उत्पन्न समस्याओं को बच्चो को बताया गया। इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात गांधी जी से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चो ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली बच्चो ने तीन बंदरो का मुखौटा लगाकर गांधी जी के तीन सिद्धांत बुरा मत देखो ,बुरा मत सुनो ,बुरा मत कहो का संदेश दिया। शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल सहीस ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए गांधी जी के सिद्धांतो को अपनाना होगा । कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाला के शिक्षक गुलजार बरेठ ने बच्चो से कहा कि गांधी जी ने हम सबको सत्य अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया है जीवन में आगे बढ़ने के लिए आज हमे उनके मार्ग पर चलने की अवश्यकता है।

# करोड़ों रुपए का धोखाधड़ी कर आत्महत्या के लिऐ उत्प्रेरित करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



सतेंद्र पटनवार निवासी कोरिया हाल मुकाम द्वारिका सेक्टर 18 दिल्ली ने रिर्पोट दर्ज कराया था की आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा एवं तीन अन्य लोगों को प्रार्थी का भांजा अमन कौशिक ने कुल 1,60,00,000? (एक करोड़ साठ लाख रुपया) उधारी दिया था जिसे वापस मांग करने पर आरोपियों के द्वारा वापस न कर धोखाधडी कर दिए तथा अमन कौशिक को आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने लगे जिस पर अमन कौशिक के द्वारा आरोपियों के धोखाधडी और प्रताड़ना से तंग आकर 10.09.24 आत्महत्या करने के लिए जहर सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किए थे की रिपोर्ट पर मूल अपराध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 741/24 अपराध कायम कर विवेचन में लिया गया। दौरान विवेचना अमन कौशिक की मृत्यु हो जानें पर प्रकरण में धारा 108, 111(2), (क) जोड़ी गई प्रकरण के आरोपी लोग घटना दिनांक से फरार थे जिसमे से आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा को मुखबिर सूचना से पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मृतक से रकम लेकर धोखाधड़ी करना एवम उसको आत्महत्या के लिऐ उत्प्रेरित करना अपना जुर्म स्वीकार करने पर 30.09.24 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल व थाना स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

# जेएलएन डिग्री कालेज सक्ती में 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर विशेष सम्पन्न हुई रैली अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ से सम्बद्ध जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती में 01.10.2024 को स्वच्छता भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत महाविद्यालय से अग्रसेन महामाया मंदिर होते हुए हास्पिटल की साफसफाई के लिए रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम की शुभारंभ महाविद्यालय के लगनशील प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया गया,जे.एल.एन.डिग्री कालेज में स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय परिसर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती तक छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफकर्मचारियों के द्वारा नारे लगाते हुए सामुदायिक केन्द्र पहुंची और साफ-सफाई की गई। तत्पश्चात रैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती से महामाया मंदिर होते हुए महाविद्यालय परिसर मे समापन किया गया, महाविद्यालीयन प्राचार्य महोदया डॉ. शालू पाहवा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था जिसे हम सबको मिलकर पुरा करना है। 2014 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे राष्ट्रीय आन्दोलन का रुप दिया तब से 17 सितंबर से 02 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है इसमे स्वच्छता के संबंध मे लोगो को जागरुक किया जाता है। इस श्रृखला में महाविद्यालय परिसर की साफ -सफाई, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता किया गया। 01 अक्टूबर को स्वच्छता के संबंध में प्राचार्य महोदया ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं स्टॉफ को स्वच्छता आयोजन पर शपथ दिलाई।

# आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेमशंकर गबेल ने दिया पद एवं सदस्यता से इस्तीफा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय स्टेट बैंक में दशकों तक सेवाएं देकर रिटायर होने वाले एवं रिटायर होने के बाद आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ काम करने वाले आम आदमी पार्टी के शक्ति जिले के अध्यक्ष प्रेमशंकर गबेल ने 1 अक्टूबर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं अपने जिलाध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया है, प्रेमशंकर गबेल ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव को भेजे गए अपने पत्र में कहा है कि उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी तथा वे स्वेच्छा से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। ज्ञात हो की प्रेमशंकर गबैल शक्ति जिले में गबेल समाज के एक प्रतिष्ठित नागरिक तथा भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं, एवं जेसीआई शक्ति के भी पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं तथा उनके आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद आने वाले दिनों में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव होने हैं, जिससे यह कयास लगाया जा रहे हैं कि वे कहीं भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं तथा प्रेम शंकर गबेल ने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रहते हुए विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी का काम किया तथा वे शक्ति विधानसभा क्षेत्र से 2023 के चुनाव में दावेदारी भी कर रहे थे किंतु पार्टी ने उन्हें टिकट न देकर किसी अन्य नेता को टिकट दे दिया जिसका खामियाजा कहीं ना कहीं आम आदमी पार्टी को विधानसभा के चुनाव में बुरी तरह पराजय के रूप में देखना पड़ा तथा लोगों का यह मानना है कि यदि आम आदमी पार्टी विधानसभा के चुनाव में प्रेम शंकर गबेल को अपना चेहरा बनाती तो आज शक्ति विधानसभा क्षेत्र का कुछ अलग ही नजारा होता किंतु पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं ईमानदारी के साथ काम करने वाले लोगों की कहीं ना कहीं पार्टी अनदेखी करती है।

# नवरात्रि पर्व के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



आगामी नवरात्रि पर्व के सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आज पुलिस नियंत्रण कक्ष, रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ शहर की दुर्गा आयोजक समितियों के सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में आगामी नवरात्रि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं एसडीएम प्रवीण तिवारी ने विशेष रूप से इन बिंदुओं पर जोर दिया।

**सुरक्षा के निर्देश**-पंडालों और उनके आसपास के क्षेत्रों में बिजली के खुले तार न रखे जाएं। रात्रि के समय पंडाल खाली नहीं छोड़े जाएं, सुरक्षा सुनिश्चित हो। मवेशियों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**पुलिस मित्र और वालंटियर** - सभी आयोजक समितियों से पुलिस मित्र के रूप में वालंटियर्स रखने पर सहमति बनी। यह वालंटियर्स सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करेंगे।

**पुलिस पेट्रोलिंग**-एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस की टीमें व्यापक रूप से क्षेत्र में पेट्रोलिंग करेंगी। आयोजक समितियों से अपील की गई कि वे पंडाल की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें।

**डीजे और साउंड सिस्टम**-डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग को लेकर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। फूहड़ और आपत्तिजनक संगीत बजाने से सख्ती से बचने की हिदायत दी गई।

**सोशल मीडिया निगरानी** - सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री को पोस्ट या साझा करने पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रशांत राव आहेर सहित विभिन्न आयोजन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी समितियों से प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाकर पर्व के सफल आयोजन में सहयोग करने की अपील की गई।

# भाजपा की महत्वाकांक्षी ने राम मंदिर में मर्यादाओं का अतिक्रमण किया : शंकराचार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा की महत्वाकांक्षा ने राम मंदिर में मर्यादाओं का अतिक्रमण किया। लोगों ने मोदी की गारंटी को भुला दिया, मोदी की दाड़ी बड़ी है लेकिन वो संत नहीं है, मौजूदा सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की बैसाखी सहारे चल रही है। अशोक वाटिका मे आयोजित प्रेस वार्ता मे पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने पत्रकारों के सवालों के जवाब मे उक्त बातें कही। उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई के लिए दलालों और मुनाफ़ाखोरों को दोषी ठहराया।उन्होंने कहा घर में बच्चों को अच्छे संस्कार दे और धर्म के नाम पर फूहड़ता को रोकना चाहिए। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि देश में मोदी की गारंटी दिखाई नहीं दे रही है। मौजूदा सरकार बैसाखी के सहारे चल रही है केंद्र की सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के सहारे चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राम नाम को डुबो दिया और नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर में भाजपा ने मर्यादा का अतिक्रमण किया है। भाजपा की महत्वाकांक्षा ने उसका भट्ठा बिठा दिया है। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे धर्म का नुकसान हो। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम किसी के पक्षधर नहीं है। तिरुमला मामले में शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि वस्तुस्थिति का पता नही इसलिए कुछ कहना गलत होगा।वही उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हुई दुर्गति पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा धर्म संगत काम नहीं की और वही भाजपा की महत्वाकांक्षा ने ही उसका भट्ठा बैठाया दिया। शंकराचार्य ने कहा कि लोग मोदी की गारंटी भूले वही भाजपा ने मर्यादा का अतिक्रमण किया। उन्होंने कहा कि लोग उनको भाजपा के कार्यकाल में कांग्रेसी कहते हैं और कांग्रेस के शासनकाल में भाजपाई कहे जाते हैं।हम किसी के पक्षधर नहीं हैं। न कोई लोभ, न कोई भय न भावुकता, हम सबके लिए। हिंदुओं के मुद्दे पर शंकराचार्य ने कहा कि ब्राह्मण पुराण की रक्षा करते हैं। महंगाई के मुद्दे पर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि पहले उत्पाद सीधा दुकानदार के पास पहुंचता था अब दलालों की वजह से उत्पाद महंगे हो रहे हैं।सारी व्यवस्था दलालों की पराकाष्ठक है। मंदिरों में ज्योति कलश के लिए राज्य सरकार के द्वारा घी के लिए दिशा निर्देश जारी करने सवाल पर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पर कहा कि उस घी का उपयोग करे जो सुगन्ध और प्रफ्लुत हो। जो वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड कोई नुकसान ना पहुंचाएं।

## बम्हनीडीह पुछेली पिपरदा सोठी गोविंदा करनौद में बैठे है बड़े बड़े रेत माफिया खनिज व राजस्व विभाग को करते हैं हर महीने मैनेज

# खनिज माफियाओं के आगे नतमस्तक जिला प्रशासन कार्रवाई करने मे छूट रहा पसीना



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह सहित आस पास के गांव मे रेत माफिया पुरी तरह से सक्रिय है और खनिज व राजस्व पुलिस विभाग के देख रेख मे जांजगीर चांपा जिले मे माफिया राज चल रहा है और जांजगीर चांपा जिले की जीवन दायिनी कहे जाने वाली हसदेव नदी का सीना दिन रात जेसीबी मसीन लगाकर छल्नी किया जा रहा है आप को बता दे की हसदेव नदी से रोजाना सैकड़ों हाइवा और ट्रैक्टर रेत निकाल कर बिना रायल्टी के बेचा जा रहा है जिस जगह से जेसीबी मशीन लगाकर रेत निकाला जा रहा है उस जगह को शासन ने रेत घाट ही घोषित नही किया है और धड़ल्ले से बम्हनीडीह के माफिया आस पास के गांवों से बेधड़क रेत निकाल कर बाजार मे उच्चे दाम मे बेच रहे हैं और अपनी जेब भरने के साथ खनिज राजस्व पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को भी मैनेज कर रहे है ताकी तीनो विभाग के जिम्मेदार अधिकारी का संरक्षण मिलता रहे और माफिया राज खुले आम चलता रहे।

> दो तीन दिन पहले टिम गई थी तीन ट्रैक्टर पकड़ी थी और भी कार्यवाई करेंगे मौके पर जो मिल रहा है उस पर कार्रवाई कर रहे हैं
> - हेमंत चेरपा जिला खनिज अधिकारी जांजगीर चांपा

### बम्हनीडीह पुछेली गोविंदा करनौद सोठी गांव मे सब से जादा माफिया हैं सक्रिय

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह पुछेली गोविंदा करनौद सोठी सोनाईडीह जुन्नाडीह मे रेत माफिया काफी सक्रिय है और दिन रात मसीन लगाकर रेत निकाल रहे है पुछेली के सिद्ध बाबा के पीछे और बम्हनीडीह के बरगढी घाट कब्रिस्तान के पीछे से बम्हनीडीह के रेत माफिया रोजाना रेत निकाल कर चांपा कोरबा बिलासपुर सारागांव क्षेत्र मे सप्लाई किया जा रहा है वही करनौद गोविंदा में भी हसदेव नदी के पुल के नीचे से रेत निकाल कर शक्ति जिला के जैजैपुर दतौद कांशीगढ सहित आस पास के क्षेत्र में हसदेव नदी की रेत निकाल कर सप्लाई कर रहे है।

### बम्हनीडीह के रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने से घबराते है खनिज राजस्व पुलिस विभाग के जिम्मेदार

बम्हनीडीह हसदेव नदी से रात दिन रेत निकाली जा रही है यहां पुरी तरह से माफिया राज जिला प्रशासन पर भारी है यहां के रेत माफियाओं के खिलाफकार्रवाई करने से खनिज राजस्व पुलिस विभाग के हाथ पांव फूल जाते है और वह बम्हनीडीह के रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उनको खुली छूट दे रखा है यहां रेत माफिया खुले आम अपना काला कारोबार खुले आम संचालित करते आ रहे हैं।

# प्रोजेक्ट उन्नति के तहत बकरी पालन उद्यमी प्रशिक्षण का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोनी सेन्दरी बिलासपुर द्वारा मुंगेली में प्रोजेक्ट उन्नति मनरेगा के तहत 10 दिवसीय बकरी पालन उद्यमी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बकरी पालन व्यवसाय के साथ व्यावसायिक गुण, बाजार सर्वेक्षण, बैंकिंग ऋण प्रक्रिया, टीकाकरण आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नेशनल अकैडमी आफ रूडसेटी के छत्तीसगढ़ राज्य के कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी के निर्देश पर मूल्यांकन अधिकारी चंदन सिंह साहू एवं भूपेंद्र देवांगन द्वारा प्रशिक्षण के पश्चात् मौखिक और प्रायोगिक परीक्षा भी ली गई। निर्देशक राजेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि बेहतर रोजगार के लिए मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में भी प्रशिक्षण दिया गया हैं इसके साथ ही 70 महिलाओं को आरसेटी कैम्पर्स कोनी में सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

# भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस: विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। पूर्वी छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ में जब फूल आते है तो सरहुल पर्व मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुण्डा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री कल हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाईल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आयोजित यह कार्यशाला जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरूषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष की शुरूआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआ, अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। श्री कश्यप ने कहा कि अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। उन्होंने कहा कि आज किए जा रहे आयोजन के माध्यम से इतिहास के पन्नों में दर्ज जनजातीय समाज के गौरव की गाथा हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार है। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है। स्वागत भाषण उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने दिया। वनवासी विकास समिति के अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वैभव सुरंगे ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में अनेक प्रगतिशील परम्पराएं हैं।

# खाद्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

## पारदर्शी और निर्बाध धान खरीदी के लिए इलेक्ट्रानिक वेटिंग मशीन के उपयोग पर जोर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में महानदी भवन में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक धान खरीदने का अनुमान रखा गया है। इस वर्ष दिपावली का पर्व और राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 15 नवम्बर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। लेकिन राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में ही इस आशय का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सभी उपार्जन केन्द्रों को इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो सकें इसके लिए जूट कमिश्नर और जेम के माध्यम से बारदाना खरीदी का निर्णय लिया गया है। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जाएगा। 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से धान उठाव का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है। धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कम्प्यूटर, इंटरनेट के साथ ही उपार्जन केन्द्र आने वाले किसानों के लिए बैठक व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त रेणु जी पिल्ले, वित्त सचिव मुकेश बंसल, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, उद्योग सचिव रजत कुमार, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सवन्नी सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सडडू में पंकज शर्मा के नेतृत्व में न्याय-यात्रा का स्वागत किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



माधव साहू ब्लॉक अध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस की न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर के सडडू स्थित ओम शांति निकेतन के निकट पहुंचने पर पूर्व प्रदेश महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों, बिरगांव महापौर, बिरगांव पार्षद गण, रायपुर नगर निगम पार्षद गण, तीनों ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण की उपस्थिति में फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। पंकज शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की नाकामी, प्रदेश में बढ रही हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार एवं नशे के अवैध करोबार पर अंकुश लगाने में प्रदेश सरकार की विफलता को जनता के सामने लाने के लिये गिरौदपुरी से रायपुर के लिये यह यात्रा निकाली गई है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से आम आदमी का अपने घर से निकलने में चितिंत रहता है कि कहीं उसके साथ मोबाईल, चेन स्नेचिंग के लिये हत्या जैसी वारदात न हो जाये। कामकाजी महिलाएं भी अंधेरा होने पर घर आने में भयभीत रहती है। पूरे प्रदेश में सरकार एवं प्रशासन की लापरवाही से खुलेआम नशे की अवैध सामाग्री मिल रही है नशे के कारोबारी सरकारी सरंक्षण में युवाओं को नशे की लत लगाकर अपराध की दुनिया में झौंक रहें हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार सत्ते के मद मे चूर होकर आमजनता की आवश्यकताओं तक को भूल गई है। आने वाले चुनाव में इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पडेगा। पंकज शर्मा ने बताया बुधवार को सुबह नौ बजे न्याय यात्रा रायपुर ग्रामीण विधानसभा के सडडू, दलदल सिवनी एवं मोवा होते हुए गांधी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी।

# कनेली में अवैध रेत खदान... ग्रामीणों ने पूरी रात गाड़ियां घेरे रखी, राजस्व और खनिज अधिकारी ने सुलह करवाई, अवैध उत्खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं

## उत्खनन स्थल तक जाने की जहमत नहीं उठाई अधिकारियों ने, तहसीलदार ने एफआईआर के बजाए रेत निकाल रहे लोगों को सड़क बनाने का निर्देश दे दिया

- जिला मुख्यालय मोहला की मुख्य सड़क से पार होती रही अवैध रेत, प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





मानपुर में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ ग्राम सहपाल के ग्रामीणों की मोर्चेबंदी के बाद यहां उत्खनन ठप पड़ गया है। इस पूरे मामले में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, यहां कार्रवाई के लिए पहुंचे अधिकारी रेत तस्करों और उनके बीच समझौते की स्थिति बनाते दिखे। इस पूरे मामले में कार्रवाई की जानकारी देने से भी अधिकारी बच रहे हैं। बहरहाल, मंगलवार की दोपहर मौके में 17 गाड़ियां मिली इनमें से 4 में रेत भरी हुई थी जिन पर कार्रवाई की गई है।
कनेली में सोमवार की पूरी रात ग्रामीण अवैध रेत ढोने वाली गाड़ियों को घेरे खड़े रहे। सुबह उन्होंने मदनवाड़ा थाने को सूचना दी। करीब 12 बजे प्रशासनिक टीम यहां पहुंची। ग्रामीण अवैध उत्खनन और यहां सड़क खराब किए जाने के मामले को लेकर विरोध कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों को समझाईश देने की ऐसी कोशिश होती रही कि, उन्हें उत्खनन करने वालों द्वारा सड़क बनाकर देने का वायदा किया गया। इस दौरान उत्खनन कर रहे लोगों में से मौजूद एक शख्स को अधिकारी ने ग्रामीणों के सामने इस तरह के निर्देश भी दिए। रंगे हाथों अवैध रेत उत्खनन का मामला पकड़े जाने के बावजूद राजस्व अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट गए। मौके पर ग्रामीणों से बात करने पहुंचे मानपुर तहसीलदार राज आशीष ने मामले से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कार्रवाई की जानकारी माईनिंग के अधिकारियों से लेने की बात कही है। जो 17 गाड़ियां वहां मौजूद थी उनमें से 4 पर ही कार्रवाई की गई। जबकि इससे पहले ही रेत तस्कर यहां खुदाई कर रही जेसीबी लेकर फरार हो गए।
तहसीलदार और खनिज अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध-इस पूरे मामले में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के राजस्व और खनिज अधिकारियों ने अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों को संरक्षण देते हुए अफसरशाही में अंधेरगर्दी साबित की है।
मामले में राजस्व अधिकारी और माईनिंग के अधिकारी की भूमिका संदेह के घेरे में है। कार्रवाई करने पहुंचे खनिज विभाग के अधिकारी नदी में अवैध उत्खनन वाले हिस्से तक भी नहीं पहुंचे। अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों पर भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई जबकि इसका प्रमाण उनकी आंखों के सामने था।

### मानपुर के नेता के साथ बालोद के लोग शामिल

मानपुर के मदनवाड़ा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के इस मामले में मानपुर के एक नेता सहित बालोद में रेत उत्खनन में लिप्त एक सप्लायर और राजनांदगांव के कुछ नेताओं के शामिल होने की बात सामने आई है। तकरीबन पखवाड़े भर से यहां लगातार रेत उत्खनन हो रहा था। रोजाना 30 से 40 गाड़ियां यहां लोड हो रही थी। इस तरह रोजाना यहां तकरीबन दो लाख रुपए का अवैध कारोबार जारी रहा। ग्रामीणों की खिलाफत के बाद तस्करों को यहां से हटना पड़ा। हालांकि प्रशासनिक कार्रवाई को देखें तो स्पष्ट है कि इस उत्खनन की जानकारी अधिकारियों को भी थी और वे इसे संरक्षण दे रहे थे।

### भाजपा नेता की गाड़ी पकड़ाई थी

लगभग हफ्ते भर पहले मोहला में अवैध रेत ढोते एक हाईवा को जिला मुख्यालय मोहला में ही पकड़ा गया था। यह मामला कलेक्टर एस जयवर्धन तक पहुंचा था। बताया जाता है कि, यह गाड़ी राजनांदगांव जिले के एक बड़े भाजपा नेता की थी। हाइवा पर कार्रवाई को लेकर राजनीतिक दबाव बनाया गया और गाड़ी को अंततः छोड़ दिया गया। इसके बाद दो दिनों तक कनेली में उत्खनन बंद भी रहा। लेकिन फिर यहां रेत निकालने का खेल शुरु हो गया।

# कौन है रजत, जिसके कंधों पर है नए शराब कोचियों को खड़े करने की जिम्मेदारी

- आबकारी अधिकारी और बड़े बाबू के इशारों पर पनप रहा शराब का अवैध कारोबार,गली गली शराब के ठीये, अपराध में इजाफा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की पांच साल की सत्ता में अवैध शराब को मुद्दा बनाने वाली भाजपा ने अब अवैध शराब व्यवसाय के जरिये ही अपने लोगों को मैनेज करने का काम शुरू कर दिया है। अवैध शराब के इस व्यवसाय में राजनीतिक दखलंदाजी के बाद न सिर्फआबकारी के राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि गैंगवार बढ़ने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस बात की पुष्टि भी हो चुकी है जब झांकी की रात शराब बेचने को लेकर उपजे विवाद में एक युवक की पेण्ड्री में हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने इसकी वजह कुछ और बताई थी।
मिली जानकारी के अनुसार शराब के अवैध व्यवसाय में विवाद की स्थिति तब से शुरू हुई जब भिलाई के एक युवक ने इंचार्ज के रूप में यहां दखल देना शुरू किया। अब चूंकि शराब के अवैध व्यवसाय से मिलने वाली बड़ी रकम में सबकी हिस्सेदारी तय करनी थी इसलिए स्थानीय कुछ युवाओं को इसमें सहभागी भी बनाया गया जो घूम-घूम कर राजधानी से परमिशन लाने की बात लोगों से कहते रहे।
शराब के इस अवैध धंधे में डोंगरगढ़ में तो उन लोगों को काम पर लगाया गया है जो कांग्रेस के समय में भी जिम्मेदारी से इसी काम में लिप्त थे। राजनीतिक रसूखदारों की लड़ाई में वर्तमान समय में न सिर्फ काम बंद हो गया है बल्कि उससे आबकारी को भी लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान रोजाना हो रहा है। पिछले दिनों प्रदेश स्तर के एक नेता के रिश्तेदार के शराब के मामले में पकड़ाए जाने के बाद स्थानीय स्तर पर उनके दखल की बात की गई। लेकिन भाजपा के ही एक और धड़े ने इस बात से इंकार कर दिया और तब से ही शराब का ये मामला उलझा हुआ है। पिछले कुछ महीनों से जिलेभर में जारी शराब के अवैध कारोबार करने वाले कोचियों के खिलाफ कार्रवाई का सीधा असर सरकार के राजस्व पर देखने को मिल रहा है। कोचियों पर कार्रवाई होने के चलते जिले में सरकारी शराब दुकानों का राजस्व लगभग 22 फीसदी लुढ़क गया है। ये कार्यवाही इसलिए की जा रही है क्यूंकि अवैध शराब के मामले में पुराने कोचियों को धरपकड़ के बाद उनका काम बंद करवाकर भाजपा के लोग अपने ख़ास लोगों को कोचिया बना कर हर गली मोहल्लों में लगाकर उनसे कमाई करवाने की जुगत में लगे हैं और ये काम तेजी से संचालित भी हो रहा है। शराब के अवैध धंधे की खिलाफत भाजपा के ही कुछ नेता लगातार कर रहे हैं। पिछले दिनों डोंगरगढ़ के पास एक शराब भट्टी में शराब दुकान बंद होने के बाद भी कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराया जा रहा था जिसका वीडियो भाजपा नेताओं ने ही सोशल मीडिया में जमकर वायरल किया था। मिली जानकारी के अनुसार रजत नामक युवक के निर्देशन में स्थानीय कुछ युवाओं के साथ में ले कर उनके गुर्गों द्वारा अवैध शराब बिक्री के काम को अंजाम दिया जा रहा है।

### पड़ोसी राज्यों से आ रही शराब

जिले में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश निर्मित शराब आ रही है। छुरिया, बोरतलाब, डोंगरगढ़ सहित बार्डर पर स्थित कई इलाकों में इन दोनों प्रदेशों से शराब लाकर बेची जा रही है। इसके कारण भी शराब की बिक्री में कमी आने की बातें कही जा रही है। भाजपा से जुड़े लोग ही दूसरे राज्य की शराब की भी कोचियागिरि कर रहे हैं और आबकारी विभाग के संरक्षण में यह सब काम हो रहा है। आबकारी अधिकारी और वहां के बड़े बाबू के संरक्षण में सभी को मैनेज कर के शराब के अवैध व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत मैराथन में शामिल हुए विद्यार्थी सहित जनप्रतिनिधि

## कालेज में विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता का संदेश देने नगर पंचायत द्वारा मैराथन आयोजित किया गया। नगर पंचायत से कालेज ग्राउंड तक मैराथन में कालेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसडीएम श्रीकान्त कोराम, नायब झरना राजपूत, सीएमओ विनम्र जेमा, दिनेश गांधी, सँतोष यादव डिकेश साहू, प्रियांक जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।
इसी तारतम्य में भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन व रासेयो प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी शपथ को सार्थक भी करे। अपने आसपास लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करें। इस मौके पर प्राध्यापकगण डॉ. एके धमगाये, रेणुका ठाकुर, गणेश कुमार नेताम, शिवनाथ देवांगन, चंदन कुमार, आशा वर्मा, संध्या मेश्राम, चंदू वर्मा, एकलव्य साहू, खोमू दास, शिल्पी वासनिक तथा रासेयो के दानेश्वर साहू, सत्यम वैष्णव, देवनारायण माली, खेमचंद साहू, झनक लाल, मुकेश कुमार, पूजा साहू, करीना, मुस्कान, डोमेश्वरी सहित समस्त विद्यार्थी शामिल थे।

## एनटीपीसी सीपत द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत

# एनटीपीसी कालोनी गेट से नवाडीह चौक तक स्वच्छता लक्षित इकाई घोषित

पायनियर संवाददाता ◀ सीपत
www.dailypioneer.com







एनटीपीसी सीपत द्वारा 14 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार स्वच्छता ही सेवा के तहत सभी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को अपने संस्थान से 2 किलोमीटर के अंदर ऐसी जगह का चयन करना है, जहां पर सफाई की विशेष आवश्यकता थी। इसी के तहत 01 अक्टूबर 2024 को परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय द्वारा एनटीपीसी कालोनी गेट से नवाडीह चौक तक स्वच्छता लक्षित इकाई घोषित किया गया। स्वच्छता लक्षित इकाई की घोषणा से पहले एनटीपीसी सीपत द्वारा एनटीपीसी कालोनी गेट से नवाडीह चौक तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर सड़क के दोनों ओर पड़े हुए कचरे की साफ-सफाई कर स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक किया गया। सफाई के पश्चात सड़क के दोनों ओर 25 डस्टबीन रखा गया। विदित हो कि स्वच्छता लक्षित इकाई के लिए चिन्हित क्षेत्र में रखे डस्टबीन से कचरे का निपटान एनटीपीसी सीपत द्वारा प्रतिदिन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने अपने संबोधन में दूकानदारों तथा आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी स्वच्छता को अपनाकर अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बना सकते हैं। उन्होंने एनटीपीसी सीपत के द्वारा किए जा रहे स्वच्छता के कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा के साथ कचरे को डस्टिबन में ही डालने की अपील की ताकि एनटीपीसी सीपत द्वारा उसका उचित निपटान किया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित रामनारायण राठौर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी एनटीपीसी के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए लोगों से क्षेत्र को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की तथा सरपंच सीपत राजेंद्र धीवर ने भी लोगों से स्वच्छता के लिए अपील की। इसके अलावा एनटीपीसी सीपत में 14 सितंबर से चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत अबतक विभिन्न कार्यक्रम किए जा चुके हैं जिसमें परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय द्वारा सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ तथा बाल भारती पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधन, बाल भारती पब्लिक स्कूल तथा शासकीय उच्च विद्यालय दर्राभाटा में ड्राइंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता, साइकल रैली तथा एक पेड़ माँ के नाम के माध्यम से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), बी आर रथ, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), राजीव सत्यकाम, महाप्रबंधक (एश टेक्नोलाजी), जयप्रकाश सत्यकाम, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन), डीसी सीआइएसएफ मुनिराज मीणा, नायाब तहसीलदार सीपत देश कुमार कुर्रे, यूनियन व एशोसीएसन के प्रतिनिधि, सीआइएसएफ के जवान, एनटीपीसी के कर्मचारीगण, स्थानीय व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक-06 अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड 3 फ्लोर, रावणभाठा, रायपुर (छ.ग.)**
E-Mail ID-rmczone6@gmail.com

क्रमांक 25/जोन क्र.06/राज.वि./न.पा.नि./2024-25 रायपुर, दिनांक 26/09/2024

**- :: रूचि की अभिव्यक्ति :: -**

नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 06, रायपुर क्षेत्रांतर्गत अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड, रावणभाठा रायपुर से लगा हुआ रैन बसेरा (आश्रयगृह) 60 बेड का संचालन एवं संधारण 3 वर्षों के लिए किये जाने हेतु इच्छुक पंजीकृत जीवित सामाजिक संगठन, एन.जी.ओ. **(N.G.O.)**, जो रायपुर नगर सीमा में स्थित हो ऐसे संगठनों/संस्था से रूचि की अभिव्यक्ति **(E.O.I.)** मैनुअवल पद्धति से दिनांक 15/10/2024 को शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/भारतीय डॉक के माध्यम से नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 16/10/2024 को कार्यालयीन समय 11:00 बजे रूचि की अभिव्यक्तिकर्ता की उपस्थिति में दस्तावेज लिफाफा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

आवेदन के साथ आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से राशि रू. 20,000/- का **F.D.R.** प्रस्तुत करना होगा। नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक 06 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि एवं दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 06**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

# इंडिया गांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगलों में बेशकीमती पेड़ो की अवैध कटाई वन अधिकारियों पर कार्यालय में आराम फरमाने का आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पिछले कई साल से हिना गांव वन परिक्षेत्र के जगलों मे वनों की अवैध कटाई का कारोबार दिन दहाड़े चल रहा है जिसे रोकने में वन अमला पुरी तरह असफल दिखाई पड़ रहा है तभी चंद पैसा कमाने की लालसा में धड़ल्ले से पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। इंदागांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत छैला चिकली घूमरापदर धूपकोट ऋषिझरन सहित अन्य इलाके में सागौन शाल के अलावा अन्य बेशकीमती पेड़ो को दिन दहाड़े काट कर बेच रहे हैं जिसकी खबर भी वन अमला को होती हैं लेकिन अफसोस की बात है जिम्मेदार अधिकारी भी वनों की अवैध कटाई पर आंख बंद कर बैठे है जिससे नाराज़ होकर कई जनप्रतिनिधियों उच्च अधिकारियों को दर्ज़ करते कार्यवाही की मांग किया है बाबजूद इसके कोई उचित कार्यवाही नही हो पाता इस बीच यूवा कांग्रेस जिला महासचिव भविष्य प्रधान ने कहा की वन विभाग के अधिकारियों का तस्करों पर पुरा पूरा संरक्षण हैं तभी आज तस्कर दिन रात जंगल को साफकरने में लगे हुए हैं और इससे



इंदागांव वन परिक्षेत्र अधिकारी भी अच्छी तरह वाकिफ हैं बाबजूद इसके मुख्यालय में ना के बरा बर होते हैं ऐसे में लकड़ी तस्करी पर लगाम की उम्मीद किस तरह किया जा सकता है और ऐसे उदासीनता प्रभारी वन मंडल अधिकारी के खिलाफ युवा कांग्रेस जिला महासचिव भविष्य प्रधान ने मोर्चा खोल दिया है बकायदा पेड़ो की अवैध कटाई एवम् मुख्यालय से गायब रहने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी की शिकायत वन मंत्री से करने की तैयारी में भी है क्योंकि राज्य सरकार वनों की सुरक्षा और पौधारोपण के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है ताकि हरिहर क्षेत्र रहें लेकिन वन विभाग के संरक्षण से ऐसे जंगल अब वीरान नज़र आ रहा है।

### स्टाफ की फेर बदल करने की मांग

प्रधान ने यह भी आरोप लगाया की जिन जिन सर्कल की जवाबदेही तय किया गया है वह ज़िम्मेदार सर्कल से गायब होते हैं तभी जंगल में से पेड़ों की अवैध कटाई काफी ज्यादा बढ़ गया है चाहे वह धूपकोट जंगल की हो या फिर छैला चिकली इलाके की हो जिसके खिलाफकार्यवाही तो दूर उक्त जंगल का अप दौरा तक नही किया जाता ऐसे में स्वाभाविक है तस्करों को बल मिलता है और इसके मद्देनजर वन मंत्री एवम् मुख्य वनसंरक्षक को शिकायत पत्र सौंफकर तत्काल ज़िम्मेदार अधिकारियों को हटाने की मांग किया जाएगा ताकि वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाया जा सके क्योंकि वर्तमान में काफी तेजी से पेड़ों की कटाई किया जा रहा है।

### ढूंढ कर देते है गायब

सबसे खास बात तो यह की जैसे जैसे पेड़ो की अवैध कटाई होती हैं वैसे वैसे ढूंढ को जला दिया जाता है या फिर पूरी तरह नष्ट कर देते है ताकि उच्च अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि को पता न लग पाए हालंकि कुछ ढूंढ को सरकारी रिकॉर्ड मे दर्ज किया जाता है जिनमे ज्यादा सौगुन पेड़ मे यह होता है क्योंकी यह लकड़ी की डिमांड दिनों दिन बढ़ता जा रहा है बताया जाता हैं इस पेड़ का एक पल्ला 3 से 4 हजार के बीच तस्करी द्वारा बेचा जाता है तभी ऐसे बेशकीमती पेड़ की बलि पहले देते हैं हालंकि छूट मूठ कार्यवाही को अंजाम देकर अधिकारियों के बीच अपनी पीठ थपथपा जा सके ज्यादातर यह घुमरापदर छेत्र में देखने को मिलता है।

# अनदेखी: शासन के पैसे का दुरुपयोग, नशेड़ियों के काम आ रहा चांपा का हॉट बाजार, बिना उपयोग के हो रहे जर्जर

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका चांपा में विकास कार्यो के लिए हर साल करोड़ो रुपए स्वकृति मिलती है। इससे नगर में तमाम निर्माण कार्य हो पाता है। वही कुछ गलत रणनीति के कारण नगर में कुछ ऐसे भी निर्माण कार्य हुए है। जो असफल साबित हुए है और सालों से निर्माण पूर्ण होने के बाद भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे लाखों रुपए किस तरह दुरुपयोग हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण चांपा नगर के गौरव पथ स्थित हाट बाजार निर्माण कार्य में देखा जा सकता है। जो लगभग 4 साल पूर्व बनकर तैयार है। मगर वे कौड़ी काम के नहीं है। यह हॉट बाजार सिर्फ़ वर्तमान में नशेड़ियों के नशा करने का अड्डा बना हुआ है। बता दें कि नगर के गौरत पथ स्थित हॉट बाजार का निर्माण कराया गया था। जिसे पूर्ण हुए तकरीबन सालों हो गए है। मगर आज तक यहां न तो बाजार लगी है और न ही किसी तरह की कोई दुकानें सजी है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त निर्माण कार्य मे निर्माण के नाम पर लाखों रुपए किस तरह से दुरुपयोग किया गया है। दरअसर नगर में रविवार एवं बुधवार को साप्ताहिक बाजार लगती है।जहां बाजार लगाने के लिए पर्याप्त जगह नही हैं कही भी रोड में बैठकर बाजार लगाया जाता है। इसके बाद उक्त हाट बाजार का निर्माण हुआ,जिसका भी उपयोग नही हो रहा हैं। नगर में हॉट बाजार की आवश्यकता होने के चलते हाट बाजार का निर्माण कराया गया था। मगर जिस स्थान में उक्त हाट बाजार का निर्माण कराया गया है उस स्थान में आज तक दुकानें नहीं लगी।वही इस दिशा में नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी कोई उचित कदम नही उठाया गया। इससे सालों पूर्व पूर्ण हुए हॉट बाजार में आज तक बाजार नहीं लगी है। इससे कारण उक्त हाट बाजार का उपयोग नशेड़ियों द्वारा किया जा रहा है। असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा एवं नशेड़ियों का बना अड्डा - हॉट बाजर में आज तक बाजार तो लगा नहीं देखा गया लेकिन अब वह जगह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। शाम होते ही उक्त हाट बाजार पर असामजिक तत्व विचरण करते रहते है। नशाखोरी कर जाम छलकाते है और शीशी, बोतल को तोड़ फोड़कर फेंक देते है।

# छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का मासिक बैठक रेस्ट हाऊस सासाहोली में संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का समीक्षा मासिक बैठक रविवार 29 सितंबर 2024 को रेस्ट हाऊस सासाहोली में रखा गया था। जो कि मिडिया एसोसियेशन द्वारा प्रतिमाह बैठक आयोजित कर एसोसियेशन से संबंधित वह जनहित के बारे में चर्चा किया गया। (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य) जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत ने समाचार प्रकाशन से लेकर पत्रकार के हित में विभिन्न पहलो पर विचार भी किया गया वही सिमगा ब्लॉंक के अध्यक्ष थानेश्वर साहू को सिमगा का मासिक बैठक आहुत करने का दिश निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपुत, जिला सचिव चंद्रशेखर यदु, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम, तिल्दा ब्लॉंक अध्यक्ष अविनाश वाधवा, सचिव सौरभ यादव, कोषाध्यक्ष हरिराम मारकंडे, सिमगा ब्लॉंक थानेश्वर साहु, शिवानंद निर्मलकर, पंकज साहू एवंम पत्रकार उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोमती साय ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर लिया उनका आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

### कार्यक्रम में मौजूद 500 से अधिक वरिष्ठजनों को किया गया सम्मान





अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जशपुर जिला मुख्यालय के वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में वरिष्ठजनों के सम्मान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने वरिष्ठजनों को सम्मान स्वरूप शॉल व श्रीफल भेंट किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठजनों के प्रति आदर भाव व्यक्त करते हुए कहा कि वृद्धजन घर की नींव होते हैं इनकी छाया में सारा घर फलता-फूलता और आगे बढ़ता है। उन्हें सम्मान देने और उनका आर्शिवाद से जीवन में सुख और शांति मिलती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम में 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई। प्राधिकरण उपाध्यक्ष साय ने कहा कि शासन द्वारा संचालित आयुष्मान योजना और शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ हमारे बुजुर्गों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में घोषणा की है कि 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों का 5 लाख रूपए तक पूरी तरह से निःशुल्क इलाज किया जाएगा। राज्य सरकार रामलला दर्शन योजना भी संचालित कर रही है।

**स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**-उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण, पुनर्वास एवं सम्मान की भावना तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री साय की पहल पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं बस पास पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठजनो के स्वास्थ्य जांच से लिए चिकित्सकीय परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वरिष्ठजनों को भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियन 2007 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वरिष्ठजनों को अपने बच्चों से भरण-पोषण प्राप्त करना ना सिर्फ बच्चों का कर्तव्य है अपितु यह वरिष्ठ जनों का अधिकार भी है। बच्चों के द्वारा इस अधिकार के हनन पर वह न्यायालय एवं प्रशासन के पास भी भी अपने अधिकार प्राप्ति के लिए जा सकते हैं। कार्यक्रम मे समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक टी.पी. भावे ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा वरिष्ठजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, मुख्यमंत्री तीरथ-बरत योजना, वयोश्रेष्ठ पुरस्कार योजना, वयोश्री योजना, बहुसेवा केंद्र, दिवा देखभाल केंद्र, बापू की कुटिया, भरण-पोषण अधिकरण जैसी योजना और कार्यक्रम चलाने के साथ ही सरकार के द्वारा वरिष्ठजनों को हवाई यात्रा, रेल यात्रा, आयकर में छूट का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा सिनियर सिटिजन सेविंग स्कीम पर अधिक ब्याज, ब्याज दरों में छूट और फिक्स डिपोजिट पर अधिक ब्याज का लाभ भी दिया जा रहा है।

**दृष्टिबाधित बच्चों ने गाया स्वागत गीत**-कार्यक्रम में शासकीय दृष्टिबाधितार्थ विशेष विद्यालय गम्हरिया के बच्चों ने अपनी मधुर वाणी से अतिथियों का स्वागत किया। जिसे सुनकर अतिथियों के साथ सभी श्रोता भाव-विभोर हो गए और सभी ने करतल ध्वनि के साथ बच्चों का अभिवादन किया। कार्यक्रम जनपद पंचायत सदस्य शारदा प्रधान, पार्षद नीतू गुप्ता एवं प्रतिमा सहित, संतोष सिंह, विष्णु सोनी, सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# फॉसिल्स पार्क, रॉक पेंटिंग, घाघरा का मंदिर व जटाशंकरी गुफा दे सकता है एमसीबी जिले के पर्यटन को नई पहचान

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com









मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का क्षेत्र जो प्राचीन काल में दण्डकारण्य व दक्षिण कौशल के नाम से जाना जाने वाला तथा जंगलों पहाड़ों व नदियों के बीच कठिन भौगोलिक स्थिति होने के बावजूद पर्यटन और पुरातत्व के क्षेत्र में जिले की अपनी एक विशेष पहचान है। राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. विनोद पांडेय जिला नोडल अधिकारी पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में प्रभु राम के चरण सर्वप्रथम एम.सी.बी. जिले के सीतामढ़ी हरचौका में ही पड़े थे तथा प्रभु राम के वनवास काल का प्रथम पड़ाव भी यहीं पर था। जिले में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थल है जैसे गोंडवाना फासिल्स पार्क, शैल चित्र, घाघरा का मंदिर, जटाशंकर गुफा व सती मंदिर है जिसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है क्योंकि यह नया जिला है जिला गठन के बाद कलेक्टर के निर्देश पर लगातार पर्यटन के क्षेत्र को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। फॉसिल्स पार्क मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से 1.5 किलोमीटर दूर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास हसदेव नदी के तट पर देश का पांचवा तथा छत्तीसगढ़ राज्य का पहला मरीन राष्ट्रीय गोंडवाना फासिल्स पार्क स्थित है, जो 29 करोड़ वर्ष पुराना है। सबसे पहले मरीन गोंडवाना फॉसिल्स की खोज 1954 में एस.के. घोष ने की थी। बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट आफ पैलियो बॉटनी लखनऊ 2015 में इस क्षेत्र का सर्वे किया तथा इसे संरक्षित करने की बात कही। यहां अनेक समुद्री जीव एवं वनस्पति के प्रमाण है जो देखरेख के अभाव में समाप्त होते जा रहे हैं। करोड़ों वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में समुद्र रहा होगा जो प्राकृतिक व भूगर्भीय घटना के कारण यहां से समुद्र के हटने पर उन जीवों के अंश पत्थरों के मध्य दबकर आज भी यथावत बने हुए हैं। इन्हें विकसित व संकलित करने वन विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

**फॉसिल पार्क**- मनेंद्रगढ़- चिरमिरी -भरतपुर को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। रॉक पेंटिंग (तिलौली) जनकपुर- एम.सी.बी. जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगभग 100 किलोमीटर दूर कठौतिया- केल्हारी- बहरासी- कुंवरपुर होकर तिलौली पहुंचा जाता है। तिलौली से लगभग 1 किलोमीटर दूर पहाड़ी के ऊपर अत्यंत प्राचीन गुफाएं हैं जिसमें रॉक पेंटिंग (शैलाश्रय) बने हुए हैं। इन प्राकृतिक चट्टानों में मानव आकृति, हिरण, कमल का फूल का अंकन किया गया है। साथ ही इन शैलाश्रय को बनाने में लाल और नीले रंग का प्रयोग किया गया है। यह पर्यटकों व शोधार्थियों के लिए काफी उपयोगी हो सकता है।

**जटाशंकर गुफा**-मनेंद्रगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरपुर के बैरागी से 12 किलोमीटर दूर घनघोर जंगल में पहाड़ी के नीचे स्थित प्राचीन शिव मंदिर जटाशंकर है। जहां दुर्गम मानचित्र को पार कर पहाड़ी के अंदर सकरा होने के कारण गुफा में 50-60 फीट से ज्यादा घुटनों व कोहली के सहारे चलकर गुफा के अंदर पहुंच जाता है। गुफा प्राचीन है एवं भगवान शिव की मूर्ति के ऊपर प्राकृतिक रूप से जल की बूंदे कई वर्षों से निरंतर गिरती जा रही है। पहुंच मार्ग न होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है।

**घाघरा का मंदिर (जनकपुर)**-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी -भरतपुर जिले के जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगभग 130 किलोमीटर दूर जनकपुर होकर घाघरा ग्राम पहुंच जाता है। घाघरा ग्राम के निर्जन स्थान पर बना हुआ तराशे गए नक्काशीदार पत्थरों से बने इस मंदिर में पत्थरों को जोड़ने में किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं किया गया है। पत्थरों को एक के ऊपर एक रखकर मंदिर का आकार दे दिया गया है। मंदिर के अंदर कोई मूर्ति नहीं है भूकंप या भूगर्भी घटना के कारण यह एक तरफझुक गई है। यह मंदिर दसवीं शताब्दी का माना जाता है। कुछ इतिहासकार इसे बौद्ध कालीन मंदिर मानते हैं, जबकी स्थानीय लोग शिव मंदिर मानते हैं तथा विशेष अवसरों पर पूजा अर्चना करते हैं।

**सती मंदिर (बरतुंगा)**-जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगभग 35 किलोमीटर बरतूंगा कालरी (चिरमिरी) में पहाड़ी नाली के समीप एक प्राचीन मंदिर है। यह पूर्ण निर्मित नहीं है। स्थानीय जनों द्वारा इसे सती मंदिर कहा जाता है। किसी कारण से प्राचीन समय में इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। खंडहरनुमा अपूर्ण मंदिर के बारे में स्थानीय जनों को कोई विशेष जानकारी नहीं थी कि इसका निर्माण किसने किया।

# विधायक पर एफआईआर दर्ज नहीं होने से ईसाई समाज नाराज विरोध में 1.5 लाख लोग बनाएंगे 130 किमी लंबी मानव श्रृंखला

- आपत्ति जनक वीडियो मामले में जशपुर विधायक के खिलाफ एफआईआर किए जाने की हो रही है मांग
- गुरूवार को एनएच 43 में पत्थलगांव से लोदाम तक बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





ईसाई आदिवासी महासभा जिला इकाई जशपुर के जिलाध्यक्ष वाल्टर कुजूर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधायक जशपुर रायमुनी भगत के नाम पर जारी कथित विवादित वायरल वीडियो 1 सितम्बर को जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम-ढेंगनी, थाना-आस्ता में भुईहर समाज के सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के कार्यक्रम में दिए गए भाषण का वीडियो सोशल मीडिया व्हाट्सएप्प में वायरल हुआ है। इस भाषण में रायमुनी भगत ने ईसाईयों के आराध्य ईसा मसीह तथा ईसाईयों के विषय में बहुत ही अपमानजनक बातें कही। विधायक रायमुनी भगत, विधायक जशपुर द्वारा जानबूझकर ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से ऐसा दुर्भावनापूर्ण भाषण देने का कृत्य किया गया है। श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक जशपुर के इस भाषण से ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है और उनकी धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुँची है। ऐसा भाषण सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने वाला और दो समुदायों के बीच कटुता उत्पन्न करने वाला है।

**एफआईआर नहीं करने से नाराजगी**-जशपुर जिले के आस्ता या अन्य किसी भी पुलिस थाने में विधायक रायमुनी भगत के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं किये जाने पर 18 सितंबर को पुलिस अधीक्षक को ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा थाना आस्ता, कुनकुरी एवं सिटी कोतवाली जशपुर एवं अन्य थानों/ चौकियों में एफ.आई.आर. हेतु प्रस्तुत आवेदन-पत्रों की पावती की छायाप्रति तथा भाषण के वीडियो क्लिप सहित आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जाकर निवेदन किया गया कि, श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक जशपुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299, 302 एवं अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत अपराध का प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया जाकर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए 25 सितम्बर तक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं किए की स्थिति में ईसाई समुदाय आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होने की बात कही थी।

**विवश होकर बना रहे मानव श्रृंखला** -25 सितम्बर तिथि व्यतीत हो चुकी है और अब तक रायमुनी भगत, विधायक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया है, इसलिए ईसाई समुदाय आंदोलन करने के लिए विवश है। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन के प्रथम चरण में हमारे समुदाय की ओर से 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में पत्थलगांव से लोदाम तक 130 किलोमीटर में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इस मानव श्रृंखला में लगभग डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### युवाओं को नशे के सामाजिक दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने कहा गया

# महिला और बालिका सुरक्षा जागरूकता के लिए नोनी रथ पहुंचा सुदूर खुड़िया पहाड़ी क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





एसपी शशि मोहन सिंह ने अपराध समीक्षा बैठक में सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को आम जनता का विष्वास प्राप्त करने के लिये अपने-अपने क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् लगातार कार्यक्रम कर जनता के मध्य जाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण करने के लिए कहा है। जनता से हमेशा जुड़े रहने से किसी भी प्रकार की घटना/संदेही के संबंध में सूचना तत्काल पुलिस को मिल जाती है एवं पुलिस का काम आसान हो जाता है।

**सम्मान और अधिकार की जानकारी** - सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् एसडीओपी बगीचा एवं नोनी रक्षा टीम की नोडल अधिकारी निमिषा पाण्डेय द्वारा विगत दिवस बगीचा थाना क्षेत्रांतर्गत खुड़िया रानी क्षेत्र, पण्डरापाठ क्षेत्र के विभिन्न स्कूल/छात्रावास एवं साप्ताहिक बाजार में जाकर उपस्थित आमजनों को ÷नोनी रक्षा रथ÷ के बारे में एवं हेल्पलाईन नंबर 9479128400 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि वे 24 घंटे कॉल/व्हाट्सअप करके मद्द ले सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बगीचा निमिषा पाण्डेय द्वारा कुछ महिलाओं को मंच में बुलाकर उनसे रूबरू हुई, एवं उनसे संवाद किया गया। उपस्थित लोगों को महिला संबंधी अधिकार एवं उनके सम्मान के बारे में बताया गया।

**अपराध न छुपाने की अपील** -पुलिस द्वारा आम जनता से अपील किया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं पर किसी प्रकार का अप्रिय घटना का सहभागी न बनें, न ही अपराधों को छुपाने का प्रयास करें। समाज में व्याप्त अंधविष्वास जैसे-टोनही प्रताड़ना, गाज मारने एवं बीमार होने पर झाड-फूंक न कराकर तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल जाने के लिए जागरूक किया गया। उपस्थित जनसमूह को सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं प्रयोग करने के बारे में, घरेलू हिंसा, सर्पदंश, पॉक्सो एक्ट, ऑनलाइन ठगी, सायबर अपराध के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। ग्राम में बाहरी व्यक्ति/संदेही के आने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु कहा गया। युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के सामाजिक दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुये, विशेष रूप से नवयुवकों को नशे से दूर रहने हेतु कहा गया।

**अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी**-महिला सेल की निरीक्षक आषा तिर्की द्वारा स्कूली छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए निर्मित अभिव्यक्ति एप्प का प्रचार-प्रसार कर इसके कार्य एवं उपयोग के सम्बंध में विस्तृत रूप से बताया गया। इस ऐप के उपयोग के लिए सबसे पहले महिला/ बालिकाओ को अपने मोबाईल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप को डाउनलोड करना है, जिसमें उन्हें साईनइन करना है, अपना मोबाईल नंबर डालना है, ओटीपी आयेगा उसे ऐप में डालना है, केवायसी अपडेट करना है, जिसके बाद महिलाएं/बालिकाएं कभी भी इस ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है। इस एप्लिकेशन में महिलाएं एवं बालिकाएं कहीं से भी अपनी शिकायत को ऑनलाइन दर्ज करा सकती हैं और ऑनलाइन अपनी शिकायतों के निराकरण के स्टेटस को देख भी सकती है। बालिकाओं को कानून के संबंध में किसी प्रकार के असमंजस की स्थिति में पुलिस अधिकारी से जानकारी लेने की बात कही गई। बालिकाओं को सदैव जागरूक रहने और घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत् महिला सुरक्षा एप के प्रचार के साथ ही बालिकाओं को गुडटच, बैडटच एवं अन्य नियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

# मामा को छोड़ने गया युवक नदी में बह गया, तीन दिनों के बाद मिली लाश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर जिले में लगातार हुई बारिश के कारण कई गांव के पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मामा को छोड़ने गया युवक बाढ़ में बह गया। युवक की लाश तीनों दिनों के बाद गोताखोरों के द्वारा ढूंढ़कर निकाला गया। तीन दिन तक ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन जारी थी। घटना जशपुर जिले के रेमने पंचायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर यादव ने बताया कि उसका मामा डूमरटोली से रेमने आया हुआ था कालेश्वर के यहां। शुक्रवार को मामा को छोड़ने ग्राम पंचायत रेमने से ग्राम पंचायत अलोरी डूमर टोली पहुंचाने गया था। तकरीबन वापस घर 7 से 8 के बीच पहुंचाकर वापस लौट रहा था। जैसे नदी पार करने की कोशिश करता तेज बाढ़ ने कालेश्वर भगत उम्र 32 को बहा कर ले गया।

# सनातन काल से ही स्वच्छता हमारे संस्कार और स्वभाव का हिस्सा : अरुण साव

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव बिलासपुर की तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने पखवाड़ा के दौरान बेहतरीन काम करने वाले एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साव ने कहा कि स्वच्छता हमारे लिए कोई नई चीज नहीं है। आदिकाल से यह हमारी आदत और संस्कार में शामिल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। उप मुख्यमंत्री साव ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पहले स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया। उस समय बहुत से लोग सोचते थे कि यह क्या नई चीज है। लोगों के मन में स्वच्छता अभियान को लेकर आशंका थी। लेकिन लोग अब इतने दिनों में इसकी महत्ता समझ चुके हैं। सबको साफ-सुथरा रहना पसंद आने लगा है। साव ने कहा कि स्वच्छता सनातन काल से हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा रही है। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्नीक कॉलेज, आदर्श आईटीआई और शासकीय कृषि महाविद्यालय द्वारा किया गया था। साव ने कार्यक्रम में कहा कि हम कितने भी महंगे कपड़े पहन लें, यदि वह साफ-सुथरा नहीं है तो उसका कोई मतलब नहीं है। हम अपने घर के भीतर तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन आसपास की स्वच्छता को भूल जाते हैं। इसकी चिंता नहीं करते। घर की ही तरह अपने परिवेश, गांव, मोहल्ला और शहर की सफाई पर भी ध्यान देना है। 'स्वच्छता परमो धर्मः' के ध्येय को सामने रखकर लोगों को जागरुक करने प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह और शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य टी.एस. चावला सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक, एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक तथा गणमान्य नागरिक भी समारोह में मौजूद थे।

## श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय तथा रोटरी क्लब पश्चिम जोन के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कला भवन परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. एकांश पिल्ले, नेत्र रोग से डॉ. वेद, हड्डी रोग से डॉ. अमीनुद्दीन कुरैशी, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रियम्बदा ईएनटी से डॉक्टर सुमति गोयल त्वचा रोग से डॉ कशीफा राफत अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ प्रीती दिवाकर, लक्ष्मी डडसेना, जयंती पटेल, आसीम एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर से विष्णु गोयल, प्रवीण अग्रवाल, गोपी मथनी अग्रवाल तथा रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसायटी से अध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं जे पी अग्रवाल (सचिव) और यहा के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हडडी रोग, नेत्र रोग, ई एन टी, का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

## शिवसेना शिंदे पक्ष ने गरबा मे अश्लीलता एवं अश्लील गाना बजाने के विरोध मे सौंपा ज्ञापन

रायपुर। शिवसेना शिंदे पक्ष रायपुर जिला इकाई के द्वारा गरबा बजाये जाने वाले अश्लील गाना एवं गैर हिन्दु के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए जिलाधीश को ज्ञापनब सौंपा गया। युवासेना जिलाध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि समस्त गरबा समितियों द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में अमर्यादित गाने, आसंस्कृतिक वेश भूषा, आसामाजिक तत्वों कि रोकथाम, समय सीमा का विशेष



ध्यान, ध्वनि यत्रों कि आवाज़ पर नियंत्रण, किसी भी नशे में लिपट व्यक्ति के प्रवेश पर रोक, ग़ैर हिंदू के प्रवेश पर रोक एवं प्रवेश द्वार पर तिलक लगाने कि व्यवस्था करने की मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया । जिसमे मुख्यरूप से जिलाप्रभारी आशीष परिडा, किशन साहू, देवराज साहू, गिरिराज देवांगन, महावीर यादव, तरुण डाउंडेकर, लक्की सिन्हा, टीकम कन्नौजे, निलेशवर निषाद एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए।

# नंद घर, वेदांता के प्रचालन राज्यों में बच्चों को 'मिलेट प्रोटीन शेक' वितरित करके मना रहा 'पोषण माह'



पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से बच्चों के समग्र पोषण को बढ़ावा देने के लिए वेदांता समूह ने नंद घर में पौष्टिक मिलेट प्रोटीन शेक वितरित किया है। इस पहल के माध्यम से सितंबर महीने में वेदांता समूह की व्यावसायिक इकाई वाले क्षेत्र ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कई जिलों में स्थित नंद घर में लगभग 6,000 बच्चों को 50,000 से अधिक मिलेट शेक वितरित किए गए। यह अभियान बच्चों और समुदाय के दैनिक आहार में मिलेट के महत्व पर जोर देती है। पोषण-केंद्रित कार्यक्रम संचालित करके नंद घर सरकार के स्वस्थ एवं पोषित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन कर रहा है।

हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि पिछले वर्ष के मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार की सफलता के बाद हम अपने नंद घर में बच्चों को पौष्टिक मिलेट शेक देकर पोषण माह मनाने के लिए उत्साहित हैं। बाल पोषण हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा 'खाना खाया क्या' अभियान इसी दिशा में काम कर रहा है, जिसका लक्ष्य एक ऐसी दुनिया का सृजन करना है जहाँ हर बच्चा स्वस्थ और सुपोषित हो। मिलेट शेक इस लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है जो यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोलते हुए नंद घर के सीईओ, शशि अरोड़ा ने कहा कि नंद घर की मदद से हम बचपन में कुपोषण को दूर करके भारत को बेहतर भविष्य देने के लिए प्रयासरत हैं। पोषण माह के दौरान हम अपने केंद्रों पर बच्चों के लिए मिलेट शेक वितरित कर रहे हैं, जिससे उन्हें पौष्टिक और पारंपरिक सुपरफूड मिल सकेगा। यह पहल खाना खाया क्या अभियान का परिणाम है जिसकी शुरुआत इस वर्ष के प्रारम्भ में की गई थी। बाल पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल ने अपार सफलता हासिल की है। पोषण दृष्टिकोण को अपनाकर हमारा लक्ष्य अपनी पहुँच को अधिकतम करना और सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देना है जिससे बच्चों के पोषण में स्थायी रूप से सुधार किया जा सके।

यह कार्यक्रम वेदांता की व्यावसायिक इकाइयों के साथ मिलकर संचालित किया जा रहा है, जिसमें ईएसएल स्टील लिमिटेड, बालको और वेदांता एल्युमीनियम शामिल हैं। वे अपने प्रचालन क्षेत्रों में मिलेट शेक वितरित करेंगे। ये प्रचालन क्षेत्र ओडिशा के लांजीगढ़ और झारसुगुड़ा, छत्तीसगढ़ के कोरबा तथा झारखंड के बोकारो में हैं।

इस अभियान का नेतृत्व करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमें नंद घर की इस सार्थक पहल का हिस्सा बनने पर बेहद गर्व है। हम हमेशा से ही बच्चों की भलाई और पोषण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिलेट शेक का वितरण हमारी इसी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो युवा पीढ़ी के लिए स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने पर आधारित है।

प्रोटीन युक्त मिलेट शेक भारतीय मार्केट में पहली बार पेश किया गया है। यह पेटेंट और एफएसएसएआई प्रमाणित उत्पाद है, जिसे मिलेट बाउल स्टार्टअप द्वारा बनाया गया है। यह 23 आवश्यक विटामिन और खनिज से भरपूर है तथा इसमें कम कैलोरी और प्लांट-बेस्ड प्रोटीन शामिल है। यह शेक रागी, बाजरा, फॉक्सटेल, कोदो और बाजरा से युक्त है। यह डेयरी-मुक्त लिक्विड शेक आसानी से पीने योग्य है। इसमें शुद्ध जल, गुड़, मल्टी-मिलेट आटा, प्लांट प्रोटीन आइसोलेट्स, कोको पाउडर, कोकोनट मिल्क पाउडर, विटामिन, खनिज और शाकाहारी स्टेबलाइज़र्स भी शामिल हैं। इसे 6 महीने तक उपयोग में लिया जा सकता है। यह बच्चों को स्थायी पोषण प्रदान करने में सहायक होगा। नंद घर में आने वाले बच्चों को यह शेक चॉकलेट फ्लेवर में वितरित किया जाएगा।

यह पहल सामुदायिक कल्याण और बाल पोषण के प्रति फाउंडेशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नंद घर सुनिश्चित करता है कि नंद घर में आने वाले बच्चों को वह पोषण मिले, जिसके वे हकदार हैं। इसमें मिलेट शेक जैसे पोषक तत्वों की खुराक शामिल है। साथ ही बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के समग्र विकास में सहायता के उद्देश्य से उन्हें पौष्टिक भोजन और राशन की सुविधा दी जाती है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403